संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरुवार, 03 अप्रैल 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 10 अंकः 90 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## नवरात्रि के पांचवे दिन देवी स्कंदमाता की होती है पूजा



मां स्कंदमाता का स्वरूप- मां स्कंदमाता के स्वरूप की बात करें तो मां की गोद में स्कंद देव विराजमान हैं। मां कमल के आसन पर विराजमान हैं, जिसके कारण मां स्कंदमाता को पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है। मान्यता है कि मां भगवती के पंचम स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी परेशानियां दूर होती हैं।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"


# वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में चर्चा

● वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा, कानून हर किसी को मानना पड़ेगा, 'क्या धमकाना चाहते हो भाई?': विपक्ष पर जमकर बरसे अमित शाह

**समर्थन**

**बिल को केंद्र की सरकार में शामिल टीडीपी, जदयू और एलजेपी ने समर्थन दिया**







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल सरकार की तरफ से गृह मंत्री अपना पक्ष रख रहे हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को वक्फ संशोधन बिल 2024 लोकसभा में पेश किया। किरण रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। बिल को केंद्र की सरकार में शामिल टीडीपी, जदयू और एलजेपी ने समर्थन दिया। शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सांसद ने अपने भाषण में ये क्लियर नहीं किया कि वे बिल के पक्ष में है या विरोध में। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रोविजन भी नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है। शाह ने कहा- एक सदस्य ने कह दिया कि यह बिल माइनॉरिटीज स्वीकार नहीं करेगी। क्या धमकी दे रहे हो भाई। संसद का कानून है, स्वीकार करना पड़ेगा। बिल पर चर्चा में रिजिजू ने 58 मिनट अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने 5 मार्च 2014 को 123 प्राइम प्रॉपर्टी को दिल्ली वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दीं। ऐसा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अल्पसंख्यक वोटों के लिए किया गया, पर चुनाव हार गए। रिजिजू ने कहा- अगर हमने यह संशोधन बिल पेश नहीं किया होता, तो जिस इमारत में हम बैठे हैं, उस पर भी वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा सकता था। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सत्ता में नहीं आती तो कई अन्य संपत्तियां भी गैर-अधिसूचित हो गई होतीं। भाजपा सांसद ने कहा- वक्फ के खौफ से भारत के लोग आजादी चाहते हैं।

**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बोला- बिल पास हुआ तो देशभर में आंदोलन करेंगे**
ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा, 'अगर यह बिल संसद में पास हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे।'

**कांग्रेस ने मुसलमानों को डराने का काम किया: शाह**
शाह बोले- राम मंदिर बनाने की बात आई तो कहा गया कि खून की नदियां बह जाएंगी, मुसलमान सड़क पर उतर आएगा। ट्रिपल तलाक, सीएए के केस में ऐसा कहा गया कि मुसलमान की नागरिकता जाएगी। अगर 2 साल में एक भी मुसलमान की नागरिकता गई हो तो सदन के पटल पर रखेंगे। धारा 370 पर क्या-क्या कहते थे। आज उमर अब्दुल्ला सीएम हैं, विकास हो रहा है।

कांग्रेस ने मुसलमानों को डराने का काम करके वोट बैंक बनाने का काम किया। इस देश के नागरिक को, किसी भी धर्म का हो, कोई आंच नहीं आएगी। ये नरेंद्र मोदी सरकार है। ये सालों से जातिवाद और तुष्टिकरण पर काम करते आए हैं। अपने परिवार की पॉलिटिक्स को आगे बढ़ाया है। 2014 से जातिवाद-तुष्टिकरण-परिवार को नरेंद्र मोदी सरकार ने खत्म करके, विकास की राजनीति को बढ़ावा दिया है। 3 टर्म मोदीजी को जिताया है और 3 टर्म भाजपा की सरकार बनने वाली है।

### आज मुस्लिमों को टारगेट कर रहेः केसी

**कांग्रेस** सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- आप मुस्लिमों के साथ वक्फ बोर्ड में भेदभाव कर रहे हैं और कह रहे हैं कि यह संविधान के अनुसार है।

कहा गया कि अल्पसंख्यकों के धार्मिक अधिकारों की संविधान के अनुसार रक्षा की जाए। आप आज मुस्लिमों को टारगेट कर रहे हैं। आप कल क्रिश्चियन, सिख, जैन के खिलाफ होंगे। संघ परिवार का एजेंडा है कि अल्पसंख्यकों को इस देश में खत्म कर दो।

**केसी वेणुगोपाल बोले- भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा**
कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा- हमारे यहां भारत माता को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है।

### वक्फ की 1.2 लाख करोड़ की संपत्ति

**तेलुगु** देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने वक्फ बिल पर 15 मिनट अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'वक्फ के पास 1.2 लाख करोड़ से अधिक की संपत्ति है। ये संपत्तियां मिसमैनेजमेंट का शिकार हैं। हमारी पार्टी का ये मानना है कि इस संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिमों के कल्याण के लिए, महिलाओं के कल्याण के लिए

### विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहताः एलजेपी सांसद अरुण भारती

**एलजेपी** (राम विलास पासवान) सांसद अरुण भारती ने कहा- इस विधेयक के विरोध में विपक्ष हमेशा धार्मिक पक्ष उठाता रहा है। विपक्ष कहता रहा कि मस्जिद चली जाएगी, दरगाह चली जाएगी। विपक्ष वास्तविक मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता, क्योंकि राजनीतिक षडयंत्र और प्रायोजित राजनीति की बात खत्म हो जाएगी।

**ठाकुर बोले- 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति**



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर बोले- एक परिवार के चलते 1947 में एक विभाजन देखा है। आज जमीन का विभाजन नहीं होने देंगे। मोदीजी की सरकार में सिर्फ एक कानून और एक संविधान रहेगा। संदेश स्पष्ट है। एक हैं तो सेफ हैं। यह आस्था का विषय नहीं है। यह हिंदू बना मुस्लिम नहीं। संविधान बनाम भ्रष्टाचार है। कानून बनाम गैरकानूनी है। 200 लोगों के हाथ में वक्फ को दे रखा है और करोड़ों रुपए की संपत्ति उनके पास है। एक कहावत है- पता है यहां से बहुत दूर हर गलत और सही के पार एक मैदान है, मैं वहां मिलूंगा तुझे और अगर वक्फ का बल चला तो तू वक्फ की संपत्ति बन जाएगा। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर बोले- भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। खाता न बही, जो वक्फ कहे, वही सही। आपको तय करना है कि आपको वक्फ के साथ रहना है या संविधान के साथ रहना है।

### पटना के चौराहे पर वक्फ का कब्जाः जदयू

**कांग्रेस** की पिछलग्गू पार्टी के नेता का बयान वायरल हो रहा है कि जिन्होंने कहा था- पटना का चौराहा पूरा वक्फ ने कब्जा कर रखा है, कड़ा कानून बनना चाहिए। किरण रिजिजू का धन्यवाद कि देश की संसद, सुप्रीम कोर्ट को वक्फ की संपत्ति बनने से बचा लिया।

**बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं: ललन सिंह**
जेडीयू सांसद और केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा, 'ये नैरेटिव बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये बिल मुसलमान विरोधी है। ये बिल कहीं से मुसलमान विरोधी नहीं है। वक्फ कोई मुस्लिम संस्था है क्या? वक्फ कोई धार्मिक संस्था नहीं, एक लिए काम करता है। उस ट्रस्ट को ये अधिकार होना चाहिए कि वो सभी वर्गों के लोगों के साथ न्याय करे जो नहीं हो रहा है।

## सीबीआई ने शुरू की भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतपोल पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल इंटरपोल से जुड़े मामलों को आसानी से निपटाने के लिए बनाया गया है। अब कई राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों से इंटरपोल नोटिस और अपराध संबंधी अनुरोध इसी पोर्टल के जरिए भेजे जा रहे हैं। सभी इंटरपोल लायजन ऑफिसर (आईएलओ) और यूनिट ऑफिसर (यूओ) इस पोर्टल से जुड़े हैं। उनके लॉगिन आईडी सीबीआई की तरफ से बनाई जा रही हैं। दूसरे देशों से आने वाले अनुरोधों को भी इसी पोर्टल के जरिए राज्य पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों तक पहुंचाया जा रहा है। सीबीआई के इंटरपोल पुलिस यूनिट सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने भारतपोल पोर्टल की ट्रेनिंग शुरू कर दी है। इस पोर्टल के लॉन्च के दिन सीबीआई मुख्यालय में आईएलओ अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद आंध्र प्रदेश, दिल्ली, त्रिपुरा, तेलंगाना, पंजाब और असम पुलिस को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई। तीन मार्च 2025 को सीबीआई अकादमी ने सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए इंटरपोल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर विशेष ऑनलाइन ट्रेनिंग आयोजित की।

## केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री में सुधार पर बैठक की

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने बुधवार को केंद्रीय केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) रिकॉर्ड रजिस्ट्री में एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सुधार और वित्तीय सेवाओं की सुगमता से उपलब्धता के लिए अपने ग्राहक अनुपालन को जानने से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय के मुताबिक डीएफएस के सचिव नागराजू ने केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) के पुनर्गठन और केवाईसी अनुपालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

## भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रियः एल. मुरुगन

**कोई दबाव नहीं**

**लोकसभा में प्रेस की स्तंत्रता और रैंकिग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सूचना** और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को लोकसभा में प्रेस की स्तंत्रता और रैंकिग में गिरावट के तर्क पर उठाए जा रहे सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया स्वतंत्र और सक्रिय रूप से बिना किसी दबाव के काम कर रहें है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की जरूरत नहीं है। एल मुरुगन ने कांग्रेस सांसद के सुधाकरन के एक लिखित प्रश्न के जवाब में यह बात कही, जिन्होंने 2024 में वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग में गिरावट के बारे में सवाल पूछा था। मंत्री ने कहा भारत में सक्रिय मीडिया प्रणाली है, जिसे विदेशी संगठनों से मान्यता की आवश्यकता नहीं है। बता दें कि मुरुगन का यह बयान रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) द्वारा पिछले साल प्रकाशित रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें भारत को पत्रकारों की स्वतंत्रता के मामले में 180 देशों में से 159वां स्थान दिया गया था।

केंद्र सरकार द्वारा प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में पूछे जाने पर, मंत्री ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि भारत में एक मजबूत न्यायिक प्रणाली है जो संविधानिक प्रावधानों को लागू करने में मदद करती है। इसके साथ ही मंत्री ने यह भी बताया कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए काम करता है। और शारीरिक हमलों तथा पत्रकारों पर हमलों से संबंधित शिकायतों का समाधान करता है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रेस की स्वतंत्रता केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत एक स्व-नियामक तंत्र के द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

## जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं होंगे वकील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जस्टिस दिनेश कुमार के दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय ट्रांसफर किए जाने पर नाराजगी जताते हुए वकीलों के संगठनों ने विरोध जताया और विरोधस्वरूप जस्टिस दिनेश शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। वकीलों के संगठनों ने मुख्य न्यायाधीश को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने की जानकारी दे दी है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वे जस्टिस दिनेश शर्मा की अदालत में भी पेश नहीं होंगे।



**जस्टिस दिनेश शर्मा को न्यायिक जिम्मेदारी न देने की अपील**
जस्टिस दिनेश शर्मा का बीते मंगलवार को ही दिल्ली उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर सरकार ने यह स्थानांतरण किया है।

## फिर बिगड़ी दिल्ली की आबोहवा, पाबंदियां लागू

**आदेश जारी**

**ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राजधानी** की आबोहवा एक बार फिर बिगड़ गई है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 217 दर्ज किया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बुधवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में गिरावट को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के स्टेज-1 की पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का आदेश जारी किया है। सीएक्यूएम ने यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में लिया है। सीएक्यूएम की सब-कमेटी ने बुधवार को बैठक कर दिल्ली-एनसीआर के वायु गुणवत्ता परिदृश्य की समीक्षा की। आईएमडी व आईआईटीएम की भविष्यवाणी व दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के बढ़ते स्तर को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। दिल्ली का एक्यूआई 217 रिकॉर्ड किया।

## कच्चातिवु द्वीप पर तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पारित



**टीम एक्शन इंडिया**
**चेन्नईः तमिलनाडु** में एक बार फिर कच्चातिवु द्विप लेकर राजनीतिक गलियारे में सियासी हलचल तेज है। इसी बीच तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया, जिसे सभी राजनीतिक दलों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। विधानसभा के स्पीकर अप्पावु ने इस प्रस्ताव की घोषणा की। प्रस्ताव के पारित होने के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विपक्ष द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दिया।

बता दें कि विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने डीएमके पर आरोप लगाया था कि सत्ता में रहते हुए सरकार ने इस मुद्दे को अनदेखा किया।

## नए इमिग्रेशन बिल पर हंगामा,सभी विदेशियों को अपराधी मानने का दे रहा संदेशः कांग्रेस

**विरोध किया**

**कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 का जोरदार विरोध किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 का जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह बिल ऐसा संदेश देता है जैसे भारत में आने वाला हर विदेशी संभावित अपराधी है, जिस पर शक किया जाना चाहिए। यह बिल 27 मार्च को लोकसभा में पास हो चुका है। कांग्रेस सांसद ने इसे संसद की स्थायी समिति के पास भेजने की मांग की। उनका कहना था कि यह कानून छोटे अधिकारियों को बहुत ज्यादा ताकत देता है, लेकिन इसमें अपील करने, निगरानी रखने और जवाबदेही तय करने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

**बिल पर कांग्रेस का विरोध**
अभिषेक मनु सिंघवी ने इस दौरान कहा, 'यह बिल सरकार के नियंत्रणवादी रवैये को दर्शाता है। यह विदेशियों के लिए डर का माहौल बनाने और उन पर निगरानी रखने का एक जरिया बन जाएगा।' उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून मानता है कि विदेशियों के पास भारतीय संविधान के तहत कोई अधिकार नहीं हैं।

**मुठभेड़** पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया: सेना

## नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया

**नापाक हरकत**

**सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के समझौते को बनाए रखने की अपील करती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई। एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठियों मारे गए। फायरिंग और ब्लास्ट को लेकर सेना से ने बात की। सेना ने कहा- एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया।' सेना ने कहा- हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। राजौरी जिले में सुंदरबनी के सिया बदराई इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान तलाया जा रहा है। यह इलाका बॉर्डर से सटा हुआ है। जून 2024 में आतंकियों ने यहां पर शिव खोरी से लौट रही बस पर हमला किया था।

**कठुआ में 11 दिन में आतंकी-सुरक्षाबल के बीच 3 एनकाउंटर**
बीते 11 दिनों में कठुआ में सुरक्षाबलों की आतंकियों तीन मुठभेड़ हुई हैं। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे। 28 मार्च दूसरी बार मुठभेड़ हुई। जिसमें 2 आतंकी मारे गए थे। इस दौरान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के 4 जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह शहीद हुए थे।

इनके अलावा डीएसपी धीरज सिंह समेत तीन जवान घायल हुए थे। उनका इलाज जारी है। 31 मार्च की रात कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास तीसरी मुठभेड़ हुई।

## पश्चिमी हिंद महासागर में 2500 किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः पश्चिमी** हिंद महासागर में भारतीय नौसेना ने 2,500 किलोग्राम से ज्यादा मादक पदार्थ जब्त किया गया है। भारतीय नौसेना को यह बड़ी सफलता हाथ लगी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नौसेना के अग्रणी युद्धपोत आईएनएस तरकश ने पश्चिमी हिंद महासागर में 2,500 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को नौसेना के कुछ जहाजों को संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मादक पदार्थों को जब्त करने का अभियान शुरू किया गया। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि आसपास के सभी संदिग्ध जहाजों से व्यवस्थित तरीके से पूछताछ करने के बाद आईएनएस तरकश ने पी8आई समुद्री निगरानी विमान और मुंबई में समुद्री संचालन केंद्र के साथ समन्वित प्रयासों से एक संदिग्ध जहाज को रोका गया।



# रक्तदान करता है आपको तनाव मुक्त करके दूसरों से जुड़ने में मदद : मेयर

**रक्तदान**

**रक्तदान आपको तनाव मुक्त करके दूसरे लोगों से जुड़ने में मदद करता है: मेयर राजीव जैन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से दूसरों को जीवन मिलता है। रक्तदान आपको तनाव मुक्त करके दूसरे लोगों से जुड़ने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को प्रत्येक 4 माह में रक्तदान शिविर का आयोजन करना चाहिए दीनबंधु छोटू राम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल एनसीसी व एनएसएस संयुक्त रूप से मिलकर यूथ रेडक्रॉस, सोनीपत के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की। रक्तदान शिविव में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व कर्मचारियों ने बढचढ कर भाग लिया और 158 यूनिट रक्त एकत्रीत किया गया। सोनीपत नगर निमग के मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान करने से केवल प्राप्तकताओं को ही लाभ नहीं होता है। बल्कि जो व्यक्ति रक्तदान करता है उसे भी स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। रक्तदान करने से आपके भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ होता है। उन्होंने कहा कि रक्त दान से हार्ट अटैक की आशंका कम होती है। रक्तदान से खून का थक्का नहीं जमता, खून कुछ मात्रा में पतला हो जाता है और हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कहा किरक्तदान वजन कम करने में भी आपकी मदद कर सकता है। इसलिए साल में कम से कम दो बार रक्तदान करना चाहिए। 375 मि.ली यानि 1 यूनिट से भी कम खून का दान करने से आपके शरीर से 650 कैलोरीज कम होती हैं।

# पुरखास में 4.67 करोड़ की लागत से बनेगा 2 मंजिला स्कूल भवन



**निर्माण**

**नए भवन का निर्माण करीब 4 करोड़ 67 लाख 20 हजार रुपए की लागत से होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** पुरखास गांव के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का निर्माण करीब 4 करोड़ 67 लाख 20 हजार रुपए की लागत से होगा। दो मंजिला इमारत में 14 कमरे, रैंप, शौचालय, लाइब्रेरी और साइंस लैब बनाई जाएंगी। निर्माण कार्य एक सप्ताह में शुरू होगा। बुधवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान और जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने नारियल तोड़कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। स्कूल प्राचार्य के नेतृत्व में हवन यज्ञ में डीईओ, स्कूल स्टाफ, छात्र और ग्रामीणों ने आहुति दी। अतिथियों का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।

## न्यूज फ्लैश

### खेड़ी तगा के सरपंच पर लगे आरोपों के मामले में जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी

**गन्नौर।** खेड़ी तगा गांव के सरपंच पर लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट जांच कमेटी द्वारा तैयार कर उपायुक्त को सौंपी जा चुकी है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त द्वारा आगामी कार्रवाई की जानी है। जांच रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता शीला देवी का मकान निमार्णाधीन है। वहीं कुछ अन्य मामलों की जांच भी की गई है। अब सरपंच वेदप्रकाश को जांच रिपोर्ट पर अपना पक्ष रखने के लिए 4 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय में पहुंचने के आदेश दिए गए हैं। सरपंच वेदप्रकाश का पक्ष जानने के बाद उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आगामी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि खेड़ी तगा गांव की शिकायतकर्ता शीला देवी ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से शिकायत की थी कि सरपंच द्वारा चुनावी रंजिश रखते हुए उन्हें मकान निर्माण के लिए आर्थिक मदद नहीं दिलवाई जा रही। जबकि वह सरकारी योजना की पात्र हैं। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पंचायत मंत्री ने उपायुक्त सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस पर उपायुक्त मनोज कुमार ने विकास एवं पंचायत विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभार्थियों की पहचान और सरपंच वेदप्रकाश द्वारा करवाये गए व अन्य विकास कार्यों की जांच के लिए रिकार्ड मंगवा कर जांच रिपोर्ट उन्हें सौंपने के भी आदेश दिए थे। बीडीपीओ पूनम चंदा ने इस संबंध में बताया कि शिकायतकर्ता का मकान निर्माण का कार्य चल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्य लाभार्थियों की पहचान व वास्तविक स्थिति जानने के बाद उसे जांच रिपोर्ट में शामिल किया गया है। अब उपायुक्त इस संबंध आगामी कार्रवाई करेंगे।

### कार सवार हमलावरों ने रास्ता रोक युवक को पीटा, मोबाइल भी छीना

**गन्नौर।** भांवर गांव में कार सवार हमलावरों ने सरढाना गांव के एक युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक की हाथ व पैर में गंभीर चोट आई हैं। हमलवारों ने उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। घायल ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में गांव सरढाना निवासी दीपक ने बताया कि उसकी सगाई भांवर निवासी तन्नू से तय हुई थी। 29 मार्च की रात को तन्नु ने उसे फोन कर बताया कि उसके पिता व भाई उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। तन्नू ने उसे ले जाने के लिए गांव में बुलाया। जिसके बाद वह बाइक पर गांव पहुंचा तो एक काले रंग की एसेंट कार ने उसका रास्ता रोक लिया। कार से चार लोग उतरे, जिनमें तन्नु का भाई रौनक, प्रशांत और दो अन्य अज्ञात युवक शामिल थे। उन्होंने लाठी-डंडों से दीपक पर हमला किया और उसे गाड़ी में डालकर गांव के स्टेडियम ले गै।

### जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 4 अप्रैल से रौनक पब्लिक स्कूल में

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 4 अप्रैल से शुरू होगी। यह जानकारी जिला तीरंदाजी एसोसिएशन के सचिव जगबीर छिक्कारा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्यातिथि विधायक देवेन्द्र कादियान व नगर निगम मेयर राजीव जैन होंगे। विशिष्ठ अतिथि रौनक पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा होंगी।

# मंडी में घूसखोरी की शिकायत के मामले में उच्च अधिकारियों को करवाया दिया अवगत



**टीम एक्शन इरंडिया**
**गन्नौर।** हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को शहर की अनाज मंडी का दौरा किया। यहां उन्होंने अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत की। उन्होंने मंडी में सरसों की खरीद को लेकर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। मंडी में शौचालय, बिजली और पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। लापरवाही पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होगी। विधायक ने बताया कि सरसों की खरीद को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। नमी की बात हो या खरीद की प्रक्रिया, कुछ अधिकारी पैसों के लालच में भेदभाव करते हैं। पैसे मिलने पर काम कर देते हैं, नहीं मिलने पर किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी के नाम उच्चाधिकारियों को दे दिए गए हैं। जल्द कार्रवाई होगी। कादियान ने कहा कि किसान मेहनत से फसल उगाकर मंडी लाता है, वहां उससे घूस मांगी जाती है, यह बेहद दुखद है। अधिकारी ऐसा करता है तो तत्काल कार्रवाई होगी। आने वाले दिनों में मंडी में गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। जरूरी है व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी को शिफ्ट कराना उनकी प्राथमिकता है। विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया गया था। विधायक ने बताया कि बंद पड़े बस अड्डे का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक और कॉम्प्लेक्स युक्त बनाया जाएगा। कॉलेज भवन और अस्पताल की बिल्डिंग भी प्रमुख मुद्दे हैं। कॉलेज में स्टाफ की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। इस मौके पर मार्किट कमेटी से सचिव दीपक, जगबीर कादियान, अमित बत्रा, सरपंच मेहर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मंडल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेकों का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र.सं. | नीलामी केटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| PARKING | 1 | UMB-Mix-09-2025 | रूपनगर रेलवे स्टेशन पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया का ठेका। कुल एरिया – 1194.36 वर्ग मी। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 2 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला शहर रेलवे स्टेमान पर दो पहिया व चार पहिया पार्किंग का ठेका कुल एरिया–815.89+1226.12 वर्ग मी.। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 3 | UMB-Mix-10-2025 | भटिंडा रेलवे स्टेशन पर दो पहिया पार्किंग का ठेका। कुल एरिया 1893.45 वर्ग मी.। | 11.04.25 at 12:00:00 |
| | 4 | UMB-Parking0825 | अहमदगढ़ रेलवे स्टेशन पर संयुक्त पार्किंग का ठेका। कुल एरिया 7788 वर्ग मी.। | 15.04.25 at 12:00:00 |
| NFR | 5 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला मंडल के कालका स्टेशन पर रेल कोच रेस्तरां की स्थापना और संचालन हेतु ठेका | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 6 | UMB-Mix-09-2025 | अंबाला कैंट व सहारनपुर स्टेशनों पर बीओसी की आपूर्ति, संचालन व रख–रखाव करते हुए, भुगतान राशि प्राप्त कर यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाना एवं उन्हीं बीओसी के ऊपर वाणिज्य विज्ञापन करने का ठेका। | 08.04.25 at 12:00:00 |
| | 7 | UMB-Advt-06-25 | चंडीगढ़ के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 8 | UMB-Advt-06-25 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 9 | UMB-Advt-06-25 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 10 | UMB-Advt-06-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 11 | UMB-Advt-06-25 | फतहेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 12 | UMB-Advt-06-25 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 13 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 14 | UMB-Advt-06-25 | शिमला रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 15 | UMB-Advt-06-25 | बराड़ा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 16 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 17 | UMB-Advt-06-25 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 18 | UMB-Advt-06-25 | भटिंडा रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन–डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 08.04.25 at 14:00 |
| | 19 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14503/14504 (KLK-SVDK Express) एवं 22455/56 (SNSI-KLK Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 20 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14521/14522 (DLI-UMB Express) & 14507/08 (DLI-FKA Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 21 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14523/14524 (UMB-BJU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 22 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 12449/50 (CDG-MAO Sampark Kranti Express) & 10215/16 (MAO-ERS Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 23 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 20493/94 (CDG-MDU Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 24 | UMBExtFFMA02-25 | ट्रेन न०– 14525/14526 (UMB-SGNR Express) के बाहरी हिस्से में विनायल रैपिंग द्वारा वाणिज्य विज्ञापन प्रदर्शन करने हेतु ठेका। | 09.04.25 को 12:00 बजे |
| | 25 | UMB-Mix-10- 2025 | ऊना हिमाचल रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 11.04.25 को 12:00 बजे |
| Pay & Use | 26 | UMB-Mix-09- 2025 | कालका रेलवे स्टेशन पर पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव का ठेका। | 08.04.25 को 12:00 बजे |
| | 27 | UMB-Mix-10- 2025 | धुरी रेलवे स्टेशन पर कुल 02 पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रखरखाव का ठेका। | 11.04.25 को 12:00 बजे |

997/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र–I

समाचार पत्रों में दिनांक 18.03.2025 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या 850/2025 एवं सूचना संख्या NR-UMBOCOML/1/2025(284713) के अनुक्रम में "अंबाला मंडल में स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए सुविधादाताओं की नियुक्ति हेतु विज्ञापन सूचना"। पत्र संख्या 2024/TG-I/10/A/ATVM/बोनस मा‌टर कार्ड रीचार्ज दिनांक 20.03.2025 के तहत रेलवे बोर्ड ने स्मार्ट कार्ड रिचार्ज पर स्वीकार्य बोनस को संशोधित किया है। "150 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड रिचार्ज पर बोनस 3% होगा। 151 किलोमीटर से 500 किलोमीटर के बीच की यात्रा के लिए बोनस 2% की दर से मिलेगा तथा उसके बाद 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए जारी किए गए टिकटों पर 1% की दर से बोनस मिलेगा। उक्त संशोधन एनएसजी 1, एनएसजी–2 तथा एनएसजी–3 श्रेणी के स्टेशनों के लिए लागू होगा। अन्य श्रेणियों के स्टेशनों के लिए 150 किलोमीटर की दूरी की सीमा तय करने की मौजूदा नीति जारी रहेगी।" यह स्लैब 31.02.2026 तक वैध है।

अंबाला मण्डल में ए.टी.वी.एम. की सूची:-

| S. No. | Name of Station | Station Code | Category of Station |
|---|---|---|---|
| 1 | Ambala Cantt | UMB | NSG-2 |
| 2 | Chandigarh | CDG | NSG-2 |
| 3 | Saharanpur | SRE | NSG-3 |
| 4 | Yamuna Nagar Jagadhari | YJUD | NSG-3 |
| 5 | Kalka | KLK | NSG-3 |
| 6 | Bathinda | BTI | NSG-3 |

No.: NR-UMBOCOML/1/2025(284713) Date:- 02.04.2025 1003/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

टेंडर नोटिस संख्या:- 61255194, 61255407

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति के ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61255194 | वाटर/फोम फायर टेंडर | 01 नग | 01 मई 2025 |
| 2. | 61255407 | मिग/मैग वेल्डिंग प्लांट | 30 नग | 01 मई 2025 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 999/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी–24/24–25 | प्रोविसिऑन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी आर एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिविजन | 25.04.2025 at 15:00 Hrs. | Rs. 1,32,77,473.14 | Rs. 2,16,400/- | 180 दिन |
| 2 | ओटी–25/24–25 | प्रोविसिऑन ऑफ ऑटोमैटिक फायर सप्रेशन सिस्टम अलौंग विद ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन एण्ड अलार्म सिस्टम एट भटिंडा स्टेशन ओवर अंबाला डिविजन। | 25.04.2025 at 15:00 Hrs. | Rs. 1,47,15,791.18 | Rs. 2,23,600/- | 180 दिन |

नोट:– 1. वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या: एस.डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई.टी–10/2024–25 दिनांक: 26.03.2025 1000/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबाला सिटी स्टेशन पर पुराने पंप हाउस के स्थान पर पंप हाउस सहित नए ट्यूबवेल का प्रावधान। | ₹58,04,769/- | ₹1,69,200/- | 04 महीने | 24.04.2025 |
| 2. | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/आरवी/यूएमबी सेक्शन में रेल विहार कॉलोनी (चरण–II) में मौजूदा एसटीपी का विस्तार। | ₹2,50,16,309/- | ₹2,75,100/- | 06 महीने | 24.04.2025 |
| 3. | (i) एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/डब्ल्यू/ डीयूआई के सेक्शन में एलडीएच–डीयूआई सेक्शन पर ब्रिज पैरापेट वॉल और बैलास्ट रिटेनर को ऊपर उठाने और मरम्मत करने का (ii) एचएमआई, केयूपी और क्यूआरपी में क्वार्टर नंबर ई–7/ए से एच, ई–6/ए से एफ, ई–5/ए से एफ, ई–2/ए से एच और टी–4/ए से आई आदि की भंडारण जल सुविधाओं की मरम्मत और एडीईएन/पीटीए के तहत एसएसई/कार्य/डीयूआई के सेक्शन में डीयूआई पर ब्लॉक नंबर ई–35 और 109 की पुरानी जंग लगी पाइपलाइन को बदलने का शेष कार्य। | ₹37,86,397/- | ₹75,700/- | 04 महीने | 24.04.2025 |
| 4. | एडीईएन/बीटीआई के अंतर्गत एसएसई/पी.वे./बीएनएन खंड में टीएफआर। | ₹18,48,482/- | ₹37,000/- | 04 महीने | 24.04.2025 |
| 5. | एडीईएन/यूएमबी के अधीन रेल विहार कॉलोनी में क्वार्टरों की मरम्मत। | ₹86,93,512/- | ₹1,73,900/- | 06 महीने | 24.04.2025 |

नोट: 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 01–अम्बाला/2025–26 दिनांक: 01.04.2025 996/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# हरियाणा के लोग दिल खोलकर करेंगे पीएम का स्वागत: सीएम

**प्रशिक्षण**

**सैनी समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे,. प्रदेश को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर मिलेंगी दो बड़ी सौगातें, हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ-साथ यमुनानगर में 800 मेगावाट की यूनिट का प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास**





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में बीजेपी की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए जानकारी दी कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे जिसमें हिसार स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट बिजली की यूनिट का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री का दिल खोलकर स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत किया है और एक विजन लेकर विकसित भारत के मिशन में लगे हैं। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार विकसित भारत विकसित हरियाणा की तर्ज पर तीन गुना तेजी से विकास कार्यों को कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। आगामी 5 तारीख को रोहतक में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बिल पेश करने जा रही है जिसके लागू होने से वक्फ बोर्ड को लेकर कोई भी डिस्प्यूट नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने मंडियों में फसलों की आवक को लेकर कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। फसल की आवक को लेकर मंडियों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि 48 घंटे में उठान करवाना सुनिश्चित करें और निश्चित अवधि में किसानों के खाते में फसल का पैसा भी भेजना सुनिश्चित करें। अधिकारी मंडियों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं भी देना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्रों की बधाई दी और लोगों के अच्छे स्वास्थ्य की भी कामना की। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा व अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने पीएम से की मुलाकात

**चर्चा**

**अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा: आरती राव**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** म्हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और हरियाणा में स्वास्थ्य परियोजनाओं से संबंधित चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन , योजना तथा कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी साथ थे। कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उन्होंने आशीर्वाद लिया और प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में सहयोग बढ़ाने का अनुरोध किया।
प्रधानमंत्री को उन्होंने अवगत करवाया कि वर्ष 2015 में उन्होंने पानीपत से "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" अभियान की जो शुरूआत की गई थी उस वक्त हरियाणा में लिंगानुपात 1000 लड़कों की तुलना में मात्र 871 था , लेकिन प्रधानमंत्री के आह्वान और हरियाणा सरकार के प्रयासों की बदौलत अब यह लिंगानुपात 910 तक पहुँच गया है। अब प्रदेश सरकार इस अनुपात को समान करने के लिए गहन प्रयास कर रही है। बाद में मीडिया से बातचीत में कुमारी आरती सिंह राव ने कानून बनाकर केंद्र सरकार द्वारा नए वक्फ बोर्ड में महिलाओं को शामिल किये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।
उन्होंने बताया कि अब वक्फ बोर्ड में शिया, सुन्नी और महिलाओं को भी शामिल किया जाएगा। उ

## न्यूज फ्लैश

### नायब सैनी प्रदेश सरकार और पंडित मोहनलाल ने केंद्र सरकार की योजनाएं गिनाई

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को सेवा साधना केंद्र, पट्टीकल्याण, समालखा पानीपत में प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रस्तावना पढ़ी। इससे पहले द्वीप प्रज्जवलित कर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने पहले सत्र की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेदपाल एडवोकेट ने की। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कार्यकताओं को समन्वय का महत्व बताया, वहीं प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने भाजपा के गौरवशाली एवं संघर्ष भरे इतिहास की याद दिलाई। अगले सत्र में मुख्यमंत्री भी शिविर में पहुंचे और यहां उन्होंने हरियाणा सरकार की योजनाओं को कार्यकताओं के सामने रखा, जबकि प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने संगठन की भूमिका बताई और केंद्र सरकार की योजनाएं गिनाई। मुख्यमंत्री नायब सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने उपस्थित कार्यकताओं से सीधा संवाद भी किया और उनके पूछे गए सवालों का जवाब भी तीनों नेताओं ने दी। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं के बीच में पहुंचकर सभी के साथ एक सामुहिक फोटो भी कराई। लोकसभा वाइज तीन हॉल में अलग-अलग विषयों पर वरिष्ठ नेताओं ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अटल जी जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल जी को भी याद किया और एक देश, एक चुनाव विषय पर विजयपाल एडवोकेट और डा. कमल गुप्ता ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। यह प्रशिक्षण शिविर तीन हॉल में आयोजित किया गया जिसमें बारी-बारी से वरिष्ठ नेताओं ने हरियाणा के सभी भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और मंडल अध्यक्षों को संगठनात्मक मंत्र दिए।

**संगठन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तालमेल आवश्यक : सौदान सिंह**

पहले सत्र में संगठनात्मक समन्वय विषय पर बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा कि संगठन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी कार्यकताओं में तालमेल आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समन्वय से संगठन को मजबूती मिलती है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी पार्टी के अनुशासित एवं संगठित दल के कार्यकर्ता हैं, हमें अपने संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर समन्वय का प्रयास करना चाहिए। हमारी पार्टी की संगठनात्मक संरचना का प्रारंभ बूथ से होती है, इसीलिए हमें अपने बूथों की संरचना को मजबूत करना है। हमारा लक्ष्य अंत्योदय है, यानि की विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। सौदान सिंह ने कार्यशाला में कार्यकताओं की जिज्ञासाओं को भी शांत करने के लिए उनके सवालों के जवाब भी दिए।

### राजीव जेटली मुख्यमंत्री सैनी के मीडिया एडवाइजर नियुक्त

**चंडीगढ़।** राजीव जेटली को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का मीडिया एडवाइजर नियुक्त किया गया है। राजीव जेटली दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में जिम्मा संभालेंगे। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त व सचिव डॉ अमित अग्रवाल द्वारा बुधवार को राजीव जेटली की नियुक्त के आदेश जारी किए गए हैं। जेटली दिल्ली में सीएम सैनी के मीडिया एडवाइजर का काम देखेंगे। छह महीने की नायब सरकार में भी राजीव जेटली ने बतौर मीडिया एडवाइजर काम किया। अब तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर राजीव जेटली को मीडिया एडवाइजर का जिम्मा सौंपा गया है।

### बिजली दर बढ़ोत्तरी से हरियाणवियों की जेब पर 5000 करोड़ का बोझ :सुरजेवाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सरकार द्वारा बिजली की दरों में बढ़ोतरी किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने हरियाणा वासियों की जेब पर 5000 करोड़ सालाना वसूली का डाका डाला है।

# विपुल गोयल की अध्यक्षता में नगर निगम और बिजली विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न



**समयसमीमा**

**जो भी विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं, उन्हें तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और अधिक तेजी से विकास कार्य किए जाएंगे।
विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद विधानसभा के समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की । इस बैठक में विपुल गोयल के साथ खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था, ताकि वार्डों के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और फरीदाबाद के नागरिकों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश**

विपुल गोयल ने नगर निगम और बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पार्षदों के साथ तालमेल बनाकर कार्य करें और किसी भी विकास परियोजना को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जो भी विकास कार्य वर्तमान में चल रहे हैं, उन्हें तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। यदि किसी भी कार्य में अनावश्यक देरी होती है, तो इसे संबंधित अधिकारी की लापरवाही मानी जाएगी और उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

**मानसून से पहले जलभराव रोकने की प्राथमिकता**

कैबिनेट मंत्री ने स्पष्ट किया कि जल निकासी व्यवस्था को समय रहते दुरुस्त किया जाए, ताकि बरसात के दौरान लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस संदर्भ में उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नालों और सीवर लाइनों की सफाई का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए और नियमित रूप से इसकी निगरानी की जाए।
उन्होंने जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे मिलकर कार्य करें, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएँ मिल सकें।

**बिजली विभाग को पूरी तैयारी के निर्देश**

विपुल गोयल ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी गर्मी और मानसून से पहले ही सभी आवश्यक तैयारियाँ कर लें, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक उपकरणों को रिपेयर स्टोरेज में उपलब्ध रखा जाए और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी तकनीकी खराबी की स्थिति में जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि नागरिकों को परेशानी न हो।

# हरियाणा के मुख्य सचिव ने सौ फीसदी आधार कवरेज पर बल दिया

**नामांकन**

**सभी विभागों को जल्द से जल्द आधार नामांकन किट्स की पूर्ण सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज यहां विशिष्ट पहचान कार्यान्वयन समिति (यूआईडीआईसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेशभर में शत-प्रतिशत आधार की आवश्यकता पर बल दिया।
आधार पंजीकरण में तेजी लाने के लिए, रस्तोगी ने बैंकिंग और डाक विभाग समेत सभी विभागों को जल्द से जल्द आधार नामांकन किट्स की पूर्ण सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, आधार सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को आधार पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सरकारी और निजी स्कूलों में विशेष नामांकन शिविर आयोजित किए जाएं।
इसके अतिरिक्त, उन्होंने नागरिकों की डिजिटल पहुंच बढ़ाने के लिए एम-आधार ऐप और माय-आधार पोर्टल को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। रस्तोगी ने निर्देश दिए कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर सभी माता-पिता से 5 और 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी विभाग आधार केंद्रों और अन्य कार्यालयों में प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के लाभार्थियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण

# वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व लक्ष्य को किया हासिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व संग्रहण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने बजट लक्ष्य को हासिल कर लिया है। विभाग ने 61,950 करोड़ रुपये के आवंटित लक्ष्य की तुलना में 63,371 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक एकत्रित किए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का 102.3 प्रतिशत है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसजीएसटी संग्रह 39,153 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# अपात्र बीपीएल को हटाने का काम शुरू

**फर्जीवाड़ा**

**1609 परिवारों को बी पी एल सूची से बाहर किया गया है। बाहर निकलने के लिए 20 तक का अल्टीमेटम भी दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने अपात्र लोगों को बीपीएल सूची से बाहर करना शुरू कर दिया है। पिछले एक महीने में प्रदेश में 1609 परिवारों को बी पी एल सूची से बाहर किया गया है। सरकार ने अपात्र लोगों को बाहर निकलने के लिए 20 अप्रैल तक का अल्टीमेटम भी दिया है। ऐसे लोगों को खुद ही बी पी एल श्रेणी छोड़ने को कहा गया है। बीस अप्रैल के बाद सरकार ने पकड़ लिए तो उन्हें बाहर करने के साथ धोखाधड़ी का केस भी दर्ज कराया जाएगा। ऐसे लोगों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई होगी। जिसमें उन्हें 2 साल तक कैद हो सकती है। इसको लेकर बाकायदा मोबाइल पर मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। विधानसभा में कांग्रेस ने फर्जी बी पी एल परिवारों का मुद्दा उठाया था। जिसके बाद सीएम नायब सैनी ने कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश में अभी 51 लाख 96 हजार 380 परिवार बी पी एक सूची में हैं। पिछले 1 मार्च से 1 अप्रैल तक सरकार ने जिन 1609 परिवारों को बी पी एल सूची से निकाला, उनमें सबसे ज्यादा 294 परिवार सोनीपत के हैं। दूसरे नंबर पर 175 परिवार वाला कुरुक्षेत्र और तीसरे नंबर पर 145 अपात्र बी पी एल परिवार वाला हिसार है। पंचकूला में सबसे कम 3 परिवार बाहर किए गए हैं।
प्रदेश में बी पी एल श्रेणी का लाभ उसी परिवार को मिलता है, जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम हो। सरकार को शक है कि इससे ज्यादा आय होने के बावजूद परिवारों ने कम आय बताई। सरकार को यह भी शक है कि कई परिवारों की आय 1.80 लाख से ज्यादा है। मगर, बी पी एल कार्ड के लिए उन्होंने परिवार का फर्जी बंटवारा कर लिया। अब वह रहते तो साथ हैं लेकिन कागजों में खुद को अलग-अलग दिखाकर बीपीएल श्रेणी के फायदे उठा रहे हैं।
इस संबंध में सरकार की तरफ से बीपीएल परिवारों को मैसेज किए जा रहे हैं।
जिसमें उन्हें 20 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इसमें कहा गया है कि वे खुद ही परिवार पहचान पत्र में अपना सही विवरण दर्ज कराएं और बी पी एल श्रेणी से बाहर चले जाएं, अन्यथा लिए गए लाभ की वसूली के साथ उन पर कानूनी कार्रवाई भी होगी।

# सड़कों की मरम्मत के लिए बनाई खास योजना: रणबीर



**निर्देश**

**अगले 6 महीनों में करीबन 6300 किलोमीटर सड़कों की होगी रिपेयरिंग: रणबीर गंगवा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: हरियाणा** के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा की सड़कों की मरम्मत के लिए विभाग ने खास योजना बनाई है। अगले 6 महीनों में इस पर विशेष कार्रवाई होगी , साथ ही प्रदेश की सड़कों के जाल को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि आमजन के लिए बेहतर और सुगम सफर हो सके। रणबीर गंगवा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आने वाली करीबन 6300 किलोमीटर सड़कों की रिपेयरिंग का कार्य इस अवधि के दौरान करने का एक्शन प्लान बनाया है। विशेष टेंडर के जरिए काम होगा। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में घोषणा की थी कि आगामी 6 महीने के अंदर-अंदर सभी सड़कों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत करवाई जाएगी। गंगवा ने विभाग के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की घोषणा को धरातल पर लाने के लिए खास योजना तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरकार काम कर रही है, विभाग के प्रयास है कि जनता को बेहतर और उच्च क्वालिटी की सड़कें मिले। विभाग के अधिकारियों को खास निर्देश दिए गए है कि क्वालिटी में किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा।

# हरियाणा में गर्मी बढ़ते ही उछल गई बिजली दरें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में बढ़ते तापमान के दौर में बिजली दरों ने भी उछाल ले लिया है। बिजली विभाग ने दर बढ़ाकर प्रदेश के 81 लाख परिवारों को तगड़ा झटका दिया है। हरियाणा बिजली विनियामक आयोग की ओर से जारी नई दर के हिसाब से दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ाए गए हैं। स्लैब के दामों में भी बदलाव किया गया है। अब 300 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं पर कोई तय शुल्क नहीं लगेगा। जबकि, पहले यह शुल्क अलग-अलग श्रेणियों में 125 से 135 रुपए तक था।
घरेलू उपभोक्ताओं के अलावा इंडस्ट्री को मिलने वाली बिजली की दरों में भी वृद्धि हुई है। आयोग ने हाई टेंशन लाइन सप्लाई में 30 से 35 पैसे और छोटे कारखानों की एलटी सप्लाई में 10 से 15 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की है। वहीं, बल्क सप्लाई की दरें 40 पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ाई गई हैं। कृषि क्षेत्र के लिए बिजली की दर 6.48 रुपए प्रति यूनिट से बढ़कर 7.35 रुपए प्रति यूनिट की गई है। हालांकि, इन बढ़ी हुई दरों का किसानों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि सरकार किसानों से केवल 10 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से ही बिल लेती है। आगे भी यह जारी रहेगा। हालांकि, इससे सरकार पर सब्सिडी का बोझ बढ़ जाएगा।
प्रदेश में बिजली की दरों में 3 वर्ष बाद बदलाव किए गए हैं। इससे पहले वर्ष 2022-23 में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सरकार ने 150 यूनिट तक की खपत पर 25 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की थी।
अगर घरेलू कनेक्शन में खपत 150 यूनिट तक थी तो बिल 412.50 रुपए आता था। अब नई दरों पर 30 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। हालांकि, 300 यूनिट तक खपत वाले घरों को नए स्लैब में फायदा है। पहले 151-250 यूनिट पर 5.25 रुपए प्रति यूनिट बिल देना होता था। अब इस स्लैब की सीमा 151-300 यूनिट तक कर दी गई है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को बिल में 5फीसदी की छूट दी गई है। वकीलों के चेंबर में एलटी आपूर्ति के अनुसार बिल लिया जाएगा। विद्युत शवदाह गृह में 2.75 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिलेगी। पात्र गौशालाओं के लिए 2 रुपए प्रति किलोवाट प्रति घंटा बिजली दी जाएगी। सरकार सब्सिडी का भुगतान करेगी।

# हरियाणा युवा संवाद समारोह भविष्य की नीतियों की प्रयोगशाला



**सपना**

**कार्यक्रम के लिए उपलब्ध मंच संविधान, संगम, जहां से हरियाणा के भविष्य निर्माण का बुना जाता है सपना**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राजधानी युवा संसद द्वारा हरियाणा विधानसभा सदन में हरियाणा युवा संवाद, 2025 कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था से जुड़े सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए हरियाणा का चयन किया है। दो दिवसीय हरियाणा युवा संवाद का शुभारंभ करने उपरांत अपने संबोधन में डॉ. मिड्ढा ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि हरियाणा के उपाध्यक्ष होने के नाते देश के कोने –कोने से चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को मुझे इस महान सदन में संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह मंच न केवल विचार–विमर्श का स्थल है बल्कि भविष्य की नीतियों की प्रयोगशाला है। उन्होंने कहा कि जहां यह सम्मेलन हो रहा है यह कोई साधारण मंच नहीं बल्कि यह संविधान, संवाद और संवेदना का संगम है। उन्होंने कहा कि जहां राज्य के भविष्य निर्माण का सपना बुना जाता है और उसे पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा कि तीन चरण के दौर से चयनित होकर हरियाणा विधानसभा सदन में 60 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं जो न केवल अपने विचार सांझा करेंगे बल्कि समाज को किस प्रकार की दिशा देनी है और एक युवा अपने मन में इस बारे में क्या सोच रखता है वो इस मंच के माध्यम से हमारे सामने आएगी। डॉ. मिड्ढा ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि चर्चा के लिए डिजिटल माध्यम से हरियाणा में विकास और विस्तार तथा हरियाणा राज्य और महिला सशक्तिकरण दो विषय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर डिजिटल हरियाणा की बात करें तो हमे एक बात पर ध्यान देना होगा कि अगर दुनिया बदलनी है तो की–बोर्ड के साथ सोच भी बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि आज का भारत युवा भारत है। युवाओं में जोश है और कुछ करने को तैयार हैं। युवा का अगर हम उल्टा करें तो वह वायु बनता हैं और वायु कितनी तेज गति से चलती है, वह हम सबको मालूम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरियों के पीछे भागने वाला नहीं बल्कि रोजगार पैदा करने वाला बनना होगा। युवाओं को क्या सिर्फ सोशल मीडिया पर शिकायत ही करेंगे या समाज को बदलने के लिए आगे भी आएंगे। डॉ. मिड्ढा ने कहा कि 21वीं सदी की पहचान सिर्फ तकनीक के प्रति सोच से होती है। आज किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच ऑनलाइन करवा रहा है। दूर–दराज के गांव में बैठा एक विद्यार्थी विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा है।

न्यूज फ्लैश

## रा. व.मा. विद्यालय ढोल में मनाया प्रवेश उत्सव



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** :जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढोल में प्रवेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय स्टाफ ने दाखिला लेने वाले सभी विद्यार्थियों का फूल मालाओं में तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ द्वारा विद्यालय में दाखिला बढ़ाने हेतु गांव में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसे विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य ने हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ-साथ विद्यालय में वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी बहुत शानदार रहा। परीक्षा परिणाम में पोजीशन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनकर सम्मानित भी किया गया।प्रधानाचार्य महोदय ने अपने संबोधन में कहा की सभी शिक्षकों के प्रयास से ही विद्यालय का वार्षिक परिणाम अच्छा रहा है। इसके लिए सभी विद्यार्थी व शिक्षक बधाई के पात्र हैं।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान, पंचायत सदस्य, विद्यार्थी, सभी शिक्षक वी गांव के निवासी मौजूद रहे।

## गर्मी के मौसम में अनमोल पेयजल को व्यर्थ नहीं बहाएं नागरिक: नेहा सिंह



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: उपायुक्त नेहा सिंह ने गर्मी के मौसम के चलते जिलावासियों का आह्वान किया कि वे पीने के पानी को व्यर्थ न बहाएं। गर्मी के मौसम में जल संरक्षण का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। जल संरक्षण जरूरत भी है और यह हमारा कर्तव्य भी है। इसलिए सभी जिलावासी जल संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। पेयजल से संबंधित किसी भी समस्या के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का टोल फ्री नंबर 1800-180-5678 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम धीरे-धीरे अपने परवान पर चढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे पानी की खपत बढ़ती जा रही है। नागरिकों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में सभी नागरिकों को पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिले, इसको लेकर उनके द्वारा सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और पंचायत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी के मौसम के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिए नहरी पानी के अलावा ट्यूबवैलों से पानी सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था जरूर रखें। नागरिकों को पेयजल का संकट का सामना न करना पड़े। इसी कड़ी में उन्होंने अभियांत्रिकी द्वारा बताए गए पानी की बचत के उपायों पर पेयजल की बबार्दी रोकने का आह्वान किया है।

# शिविर में मजबूत नेतृत्व जगा रहा लोगों में विश्वास की लौ: एसडीएम

### अधिकारी समाधान के प्रति न रखे उदासीन रवैया : पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह

लाभ

▶▶ मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्ग दर्शन का प्रदेश के लोगों को बड़ी मात्रा में लाभ मिल रहा



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्ग दर्शन का प्रदेश के लोगों को बड़ी मात्रा में लाभ मिल रहा है। प्रदेश भर में जिले व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का रोजना समाधान किया जा रहा है।
एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित किए गए नियमित जनता समाधान शिविर में कहा कि जिले में सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। अधिकारियों के मजबूत नेतृत्व ने लोगों के अंदर विश्वास की लौ पैदा की है। लोग बेझिझकहोकर समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख रहे हैं। अधिकारियों के सहयोग से उनका समाधान हो रहा हैं। एसडीएम ने कहा कि अधिकारी जनता समाधान शिविर में लक्ष्य के क्रियान्वन को लेकर अपनी भूमिका निभाएं। समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का अपने ज्ञान व कुशलता के माध्यम से समाधान कर आम जन का हित करें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने पुलिस विभाग से सम्बंधित जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि समस्याओं को लेकर अधिकारियों को और गंभीरता से कार्य करना होगा। अधिकारी जनता समाधान शिविर में आने वाली जन समस्याओं में रूचि लेकर उनका तत्काल समाधान करें।
अधिकारियों का समस्याओं के समाधान के प्रति किसी भी प्रकार का उदासीन रवैया नहीं होना चाहिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सार्म्थयवान बनकर समस्याओं का समाधान करें। निगम के संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों को समाधान शिविर को अपनी रूचि दिखानी चाहिए। लोगों का समाधान शिविर के प्रति जो विश्वास जमा है उसे दुरस्त रखना है। लोगों की समस्याओं का समाधान जिस गति से हो रहा है। उससे प्रशासन के प्रति लोगों की उम्मीदों में बढ़ोतरी हो रही है।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर समाधान शिविर में पहुंचे और अपने-अपने विभागों की समस्याओं का कम से कम समय में ज्यादा सम ज्यादा समस्याओं का समाधान करें।
समाधान शिविर में बुधवार को विभिन्न विभागों से जुड़ी 66 समस्याएं प्राप्त हुई। इनमें ज्यादातर समस्याएं फैमिली आईडी, बुढापा पैंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी हुई प्राप्त हुई। एसडीएम ने अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का मौके पर समाधान किया व शेष बची समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।
समाधान शिविर में लेबर कॉलोनी के शिकायतकताओं ने प्रशासन से प्रार्थना की कुछ लोग हॉली पार्क के साथ वाली दिवार पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। झुग्गी-झोपड़ियों का निर्माण करवा रहे हैं

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर रक्तदान शिविर आयोजित



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

रक्तदान महादान

▶▶ ब्लड बैंक कर्मचारी रक्तदान शिविर लगाने हेतु और जन जागरण हेतु संस्था से संपर्क करते हैं

**कुरुक्षेत्र** : जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें 38रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। संस्था के सलाहकार मंडल से गगनदीप ने बताया कि जब किसी ब्लड बैंक में रक्त की कमी हो जाती है तो ब्लड बैंक कर्मचारी रक्तदान शिविर लगाने हेतु और जन जागरण हेतु संस्था से संपर्क करते हैं। संस्था रक्तदान की कमी को पूरा करने का भरकस प्रयास करती है। रक्त मंत्री मिथुन समाना ने बताया कि संस्था का बार-बार अलग-अलग स्थान पर रक्तदान शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य रक्तदाताओं का डाटा इकट्ठा करना है ताकि इमरजेंसी पढ़ने पर तुरंत कॉल करके इमरजेंसी रक्तदान के लिए बुलाया जा सके।अगला रक्तदान शिविर बहुत जल्दी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों के साथ होगा,रक्तदाता रजिस्ट्रेशन करवाकर पहले से ही तैयार रहें। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष लाला नितेश मंगल, विपिन शर्मा, प्रियंका शर्मा,रक्त मंत्री मिथुन समाना, गगनदीप, सीमा रानी, मोहन नागरथ, रोशन लाल बंसल, मंजू वर्मा, सुशील अत्री, राधिका, शिवजोतवाल, पवन कुमार रक्तदाता मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम सेवा समिति की मीटिंग सम्पन्न



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** मीटिंग में समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया की अप्रैल महीने का मासिक हवन यज्ञ अप्रैल महीने के पहले रविवार 6 अप्रैल को भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान अम्बाला कैंट मे सुबह 10 बजे मंदिर के पंडित शम्भू दयाल जी द्वारा करवया जाएगा। इस हवन यझ मे मुख्य यजमान योगेश शर्मा और उनकी धर्मपत्नी दीपा शर्मा होंगी। समिति के उप प्रधान रविंद्र बिल्ला शर्मा ने बताया की हवन के बाद 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को मनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। इस मीटिंग मे सुरिंदर राजू शर्मा,राजिंदर कौशिक,देवी लाल शर्मा,राजेश गोल्डी शर्मा, राजीव शर्मा,संजय मोदगिल,रविंदर बिल्ला शर्मा, यादविंद्र शर्मा,शशी पंजोखरा,डॉ राकेश भारद्वाज, शशिकांत पाराशर, सतीश शर्मा, अतुल शर्मा और अन्य सदस्य माजूद रहे।

## सरकार ने बिजली के दाम बढाकर आम जनता पर डाला बोझ : अशोक अरोड़ा

निंदा की

▶▶ थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाए जाने की निंदा की



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा ने प्रदेश सरकार द्वारा बिजली के रेट बढाए जाने की निंदा की है। उन्होने कहा कि मुख्यमँत्री ने बजट सत्र के दौरान कहा था कि प्रदेश की जनता पर किसी भी रूप से टैक्स नही बढाया जाएगा लेकिन अभी तो चार दिन ही हुए हैं और प्रदेश की जनता पर बिजली की दरें बढाकर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। वे अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिप सदस्य चंद्रभान वाल्मिकी, तरसेम हरियापुर, सतीश टामक व जितेंद्र अटवान भी मौजूद रहे।
विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से बिजली की दरें व टोल टैक्स बढाया गया है, यह सरकार का प्रदेश की जनता की हक हलाल की कमाई को लूटने का काम किया है। देश की जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है। आज आम आदमी को घर चलाना मुश्किल हो रहा है लेकिन पहले से महंगाई की मार झेल रही जनता पर सरकार द्वारा ओर वजन डालने का काम किया है। लोकतंत्र मे सरकारें जनता बनाती है और सरकारें जनता के लिए होती हैं। प्रदेश सरकार को चाहिए तो यह था कि बजट दो लाख करोड से उपर चला गया है और लोगों को राहत देते। बिजली के बिल कम करते, टोल फ्री करते लेकिन यहां तो उलटा ही हो गया है। इतना ही नही बजट से पहले बिजली बिलों मे ईडीसी के रेट बढाए गए हैं, वे इसकी निंदा करते हैं।

**भाजपा की नीति धर्म के नाम पर देश को बांटना है : अरोड़ा**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने संसद मे पेश किए वक्फ बिल पर बोलते हुए कहा कि भाजपा की नीति लोगों को बांटने की नीति है। आज सदन मे बेरोजगारी, महंगाई पर चर्चा होनी चाहिए थी, अमेरिका द्वारा गलत तरीके से हाथ पांव बांधकर भारत भेजे गए युवाओं पर चर्चा होनी चाहिए थी।

## सेवा समिति द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में प्रमाण पत्र बांटे

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



बधाई

▶▶ कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा समिति के प्रधान हरि कृष्ण शर्मा ने की। विधिवत रिबन काट कर उद्घाटन किया

**अम्बाला:** सेवा समिति सरार्फा बाजार अम्बाला शहर द्वारा संचालित महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र श्री रघुनाथ मंदिर में चलाए जा रहे सिलाई सेंटर की मार्च 2025 की परीक्षा में पास हुए बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा समिति के प्रधान हरि कृष्ण शर्मा ने की। नये सत्र का विधिवत रिबन काट कर उद्घाटन भी किया गया जिसमें 20 नये बच्चों ने प्रवेश लिया। कार्यक्रम का आरम्भ श्री हनुमान चालीसा पाठ व कीर्तन से किया गया। कीर्तन पाठ की शुरूआत महामंत्री रामलाल व महिला मंडल अध्यक्ष वीना राय व मंत्री विजय वढेरा के द्वारा की गई। श्री हनुमान चालीसा पाठ सुलोचना शर्मा व सत्या शर्मा सामुहिक रूप से करवाया गया। इस अवसर पर प्रधान हरि कृष्ण शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी का परिचय करवाया व 25 बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा प्रधान हरि कृष्ण शर्मा ने हिंदू नव वर्ष विक्रमी संवत 2082 नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं मंगलकामनाएं दी। नये दाखिल हुए बच्चों को बधाई व आशीर्वाद दिया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे रोड स्थित नया प्याऊ तैयार हो गया है। कूलर, पानी की टंकी मोटर व आर ओ आदि सब कार्य पूर्ण हो गये हैं शीघ्र ही उद्घाटन कर जनकल्याण अर्थ शुरू कर दिया जाएगा।

## जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-6 के मेचों का शेड्यूल जारी

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

शेड्यूल

▶▶ 4 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में खेले जा रहे मेचो का शेड्यूल जारी

**अम्बाला:** इस वर्ष होने जा रहे चार दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग 4 अप्रैल से 7 अप्रैल 2024 तक पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में खेले जा रहे मेचो का शेड्यूल जारी किया। यह लीग पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से करवाये जा रहे है। सचिव नवयम जैन ने टूनार्मेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 2 अप्रैल से 6 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। कार्यक्रम में 8 टीम दी उनस्टॉपबल, जे एम एस वरीयर्स, गो.आ चैलेंजर्स,टोजो टाइटन्स,नावल्टी हसलर्स,आर. के ज्वेलस,एम.के नाइट राइडर्स, दी चैंपियंस, भाग लेंगी। लीग मुकाबले 12-12 ओवर के रहेंगे। जीतने वाले को 51000/- की राशि और 31000/- की राशि रनरअप को श्री माणिभद्र वीर यंग सोसायटी की और से दी जाएगी। इस लीग को लेकर युवाओं में बहुत जोश और उत्साह देखा जा रहा है। 2 अप्रैल साँय 4:00 बजे 2024-दी अनस्टॉपबल-एम.के नाइट राइडर्स, साँय 7:00 बजे- जे.एम. एस वरीयर्स- दी चैंपियंस,रात्रि 9:00 बजे- गो.आ चैलेंजर्स, रात्रि 11:00 बजे टोजो टाइटन्स-नावल्टी हसलर्स के बीच मैच खेल जाएगा। इस अवसर पर सोसायटी के प्रधान भविक जैन के साथ चेयरमैन लव जैन, उपप्रधान विकुल जैन, सचिव नवयम जैन, कोषाध्यक्ष मनन जैन,सहसचिव अमन जैन,संकेत जैन, सुकान्त जैन, करुणजैन,पुनीत जैन, व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## पिकअप ड्राइवर पर फायरिंग, पीजीआई रेफर

**जींद**। पोपड़ा-अलेवा मार्ग पर पिकअप ड्राइवर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। घायल युवक को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उसके टांग पर गोली लगी है। घायल का आरोप है कि लेनदेन के मामले में दो पक्षों को थाने में बुलाया गया था।
वहां से वापस घर जाते समय दूसरे पक्ष के युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलेवा क्षेत्र के गांव बाहरी निवासी रिंकू ने बताया कि उसका अलेवा निवासी सुनील व उसके परिवार के साथ रुपयों के लेनदेन को लेकर झगड़ा चला आ रहा है। वह एक साथ पशुओं को खरीदने-बेचने का काम करते थे।

## बकेट चैलेंज में छात्र छात्राओं और लोगों ने भाग लिया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




अभियान

▶▶ नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज, नमक लौटा अभियान आदि माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज, नमक लौटा अभियान आदि अनेक प्रकल्पों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया गया है। इस कड़ी में आज जेनेसिस कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध 436 वां अभियान चलाया गया जिसमें बकेट चैलेंज के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशे जैसी बुराई से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। जेनेसिस में प्रशासक रविंद्र कौशिक की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में रोबिन सिंह, विपिन बिश्नोई, अनिल पाल सहित छात्र छात्राओं ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। तत्पश्चात वे लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचे और वहां पर रक्त कोष अधिकारी डॉ. रमा की अध्यक्षता में 437 वां नशे के विरुद्ध अभियान में बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया। डॉ. रमा ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नशा मुक्त अभियान युवाओं के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण है।
ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बकेट चैलेंज से अभिप्राय है कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि।

## केयू रोस्ट्रम प्रतियोगिता में छवि शर्मा व योगेश कुमार ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक




विचार

▶▶ भाषण प्रतियोगिता के दूसरे चरण का सफल आयोजन किया गया, छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में प्रतिष्ठित सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता (रोस्ट्रम) के दूसरे चरण का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 18 विभिन्न विभागों के प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।
इस प्रतियोगिता में पहला स्थान कॉमर्स डिपार्टमेंट की छात्रा छवि शर्मा ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के छात्र लक्ष्य कुमार ने हासिल किया और तीसरा स्थान कॉमर्स डिपार्टमेंट की छात्रा संजना ने जीता जबकि यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की छात्रा ख्वाइश और पुस्तकालय विज्ञान विभाग की छात्रा सोनिका, सांख्यिकी विभाग की उर्वी गौतम व कैमिस्ट्री विभाग के सारांश मौर्य को विशेष पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त भूगोल विभाग के योगेश कुमार ने प्रथम, पंजाबी विभाग की खूशबू ने दूसरा व फिजिक्स विभाग की साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। एनवायरमेंट स्टडीज की शोधार्थी नेहा कलोनिया ने स्टूडेंट कम्पेरर का पुरस्कार प्राप्त किया। दीपक कुमार ने टाइम कीपर का पुरस्कार प्राप्त किया।
इस प्रतियोगिता के संचालक प्रोफेसर ओमवीर सिंह और सह संचालक प्रोफेसर अर्चना चौधरी ने बताया कि यह सार्वजनिक भाषण प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्र एवं छात्राएँ भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी ने निदेर्शानुसार इस प्रतियोगिता का सुचारू रूप से संचालन डॉ. संतलाल निर्वाण व डॉ. हरदीप राय ने किया। छात्र संचालकों के रूप में विधि संस्थान के नवदीप ढुल और प्रगति सैनी ने आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रो. अनीता भटनागर, प्रो. हरदीप लाल जोशी, प्रो. वनिता ढींगरा व प्रो. परमेश कुमार शामिल रहे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता 2-4 अप्रैल तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के दूसरे चरण में उन छात्रों ने भाग लिया जिन्होंने पहले चरण में यह अवसर प्राप्त किया था। यह आयोजन विश्वविद्यालय की बौद्धिक और अभिव्यक्तिगत क्षमताओं को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## अवैध शराब रखने व बेचने का आरोपी गिरफ्तार, 265 लीटर लाहन बरामद

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक



**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने अवैध श ?ाब रखने व बेचने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पेहवा पुलिस टीम ने बिना लाईसैंस श ?ाब रखने व बेचने के आरोप में मंजीत सिंह वासी रामगढ जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 265 लीटर लाहन बरामद करने में सफलता हासिल की है।
जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 01 अप्रैल 25 को थाना सदर पेहवा के अंतर्गत पुलिस चौंकी गुमथलागढू प्रभारी पीएसआई अमित कुमार के मार्ग-निर्देश में मुख्य सिपाही सलिन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक सतीश कुमार व बलजीत सिंह की टीम रामगढ रोड पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि मंजीत सिंह वासी रामगढ जिला कुरुक्षेत्र अपने प्लाट में अवैध शराब निकालने व बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव
रामगढ स्थित खाली प्लाट से मंजीत सिंह को बिना लाईसैंस/अनुमति के शराब बनाने व बेचने के आरोप में काबू किया। आरोपी के कब्जा से 265 लीटर लाहन बरामद हुआ ।

# युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार कृत संकल्प: गौतम

## बसताड़ा खेल स्टेडियम का किया औचक निरीक्षण, स्टेडियम में अव्यवस्था को देखकर खेल अधिकारी पर भड़के

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता एवं खेल मंत्री गौरव गौतम ने बुधवार को चंडीगढ़ से समालखा जाते समय बसताड़ा गांव स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया और स्टेडियम की खस्ता हालत को देखकर जिला खेल अधिकारी पर भडक गए। उन्होंने कहा कि आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरव गौतम ने निरीक्षण के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए कृत-



संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित खेल स्टेडियमों में भी खिलाडि?ों के लिए मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर रही है, ताकि युवाओं को गांव स्तर पर ही अच्छी खेल सुविधा मिले और वे नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार की नई खेल नीति खेलों को बढ़ावा देने के लिए कारगर साबित होगी और प्रदेश के युवा खेलों के क्षेत्र में पदक हासिल

**सख्त कार्रवाई**

**आगामी दो महीने में स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी**

करके देश व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेल स्टेडियम में व्यवस्था को लेकर लापरवाह कोच व खेल अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।
मंत्री ने मीडिया के सवाल के जवाब में बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम बसताड़ा की कुल मिलाकर काफी खस्ता हालत है। इसको लेकर खेल अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि वे आगामी दो माह में खेल स्टेडियम की व्यवस्था को दुरूस्त करेंगे। यहां पर खिलाड़ियों के लिए अच्छा ग्राउंड तैयार करेंगे तथा कोच की भी तैनाती की जाएगी। यहां पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था का भी समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्टेडियम में बने हॉल के खिडकी, दरवाजे, सफेदी करवाई जाए।
उन्होंने कहा कि स्टेडियम को कार्यालयों में बैठकर नहीं बल्कि ग्राउंड में आकर व्यवस्था पर कड़ी नजर रखें और इस कार्य में ग्राम पंचायत का भी सहयोग लिया जाए, ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करते समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# बाइक पर आए दो युवकों ने कोर्ट के बाहर बदमाश और वकील को मारी गोलियां

**वारदात**

**दोनों रेहड़ी पर खा रहे थे फ्रूट चाट पानीपत से करनाल आया था एडवोकेट साथ ही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला कोर्ट के बाहर बदमाश और वकील को गोलियां मार दी गईं। दोनों कोर्ट के बाहर रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर दो युवक आए और उन्होंने 5 से 6 राउंड फायरिंग की। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल बदमाश हैप्पी घरौंडा का रहने वाला है। उसके खिलाफ 4 केस दर्ज हैं, जिनमें वह जेल काट चुका है। वह एक केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वहीं घायल वकील गुरविंद्र पानीपत का रहने वाला है। वह करनाल में वकील से मिलने आया



था। घटना बुधवार दोपहर को डेढ़ बजे करनाल के सेक्टर-12 स्थित कोर्ट के बाहर सामने आई। जानकारी के अनुसार हैप्पी घरौंडा थाने में दर्ज मारपीट के केस में कोर्ट में पेशी पर आया था। वह कोर्ट में पेशी के बाद वकील विक्रम के चैंबर में आया। इसके बाद हैप्पी दोस्तों के साथ कोर्ट के बाहर एक रेहड़ी पर फ्रूट चाट खाने चला गया। उसी के पास पानीपत के वकील गुरविंद्र खड़े थे। वह भी रेहड़ी पर फ्रूट खा रहे थे। इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक पर दो युवक आए। पीछे बैठे युवक ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि बाइक चला रहे युवक ने मुंह पर सफेद रंग का कपड़ा ढका हुआ था। उन्होंने बाइक रोकने के बाद हैप्पी पर निशाना लगाया और 4 से 6 राउंड फायर किए। इसके बाद वह फरार हो गए। हैप्पी की टांग व पेट में और गुरविंद्र को पेट में गोली लगी। दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में दोनों को अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है

# फर्जी दस्तावेजों से ली जमानत, जनरल की जमीन गिरवी रखी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमानत लेने और मेजर जनरल की जमीन गिरवी रखने का बड़ा मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने पुलिस और अदालत में शिकायत दी कि उनकी जानकारी के बिना उनकी जमीन को जमानत के लिए इस्तेमाल किया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने सेशन कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और जालसाजी की कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।
सेवानिवृत्त मेजर जनरल जुगेश चौधरी करनाल के अल्फा इंटरनेशनल सिटी में रहते हैं। उन्होंने कोर्ट को दी शिकायत में बताया कि 2 मार्च 2022 को दर्ज एफआईआर नंबर 139, एनडीपीएस केस नंबर 106/2022 के तहत एक आरोपी

**फर्जीवाड़ा**

**अदालत में शिकायत दी कि उनकी जानकारी के बिना जमीन को जमानत के लिए इस्तेमाल किया**

शत्रुघ्न डांगी पुत्र सहदेव महतो को जमानत देने के लिए उनकी जमीन के जाली कागजात बनाए गए। उन्होंने बताया कि जब वह अपनी जमीन के रिकॉर्ड (जमाबंदी) की जांच कर रहे थे तो पाया कि उनकी जमीन को कोर्ट में जमानत के लिए गिरवी रखा गया था। यह कागजात किसी जोगेश नामक व्यक्ति ने आधार नंबर के आधार पर फर्जी तरीके से तैयार किए थे। मेजर जनरल जुगेश चौधरी ने साफ किया कि उन्होंने कभी किसी व्यक्ति के लिए जमानत नहीं दी और न ही शत्रुघ्न डांगी या जोगेश नामक व्यक्ति को जानते हैं।

# सरपंच ने माई 11 सर्किल ऐप पर टीम बनाकर जीते 3 करोड़


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में सरपंच ने माई 11 सर्किल ऐप पर आइपीएल मैच में टीम बनाकर 3 करोड़ और थार जीती है। शेखपुरा सुहाना गांव के सरपंच विक्रम गरीब परिवार से आते हैं। पहले भी वह ऑनलाइन गेम खेलकर छोटी-मोटी रकम जीत चुके हैं। इतनी बड़ी राशि जीतने के बाद विक्रम के परिवार में खुशी का माहौल है। आस पडोस के लोग और रिश्तेदार उन्हें घर पर बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं। विक्रम ने बताया कि मैं 2019 से ऑनलाइन गेम खेल रहा हूं। इससे पहले भी साल 2021 में 2.70 लाख रुपए जीते थे। आइपीएल में 1 अप्रैल को हुए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर

**जश्न**

**छोटी-मोटी रकम जीत चुके हैं। राशि जीतने के बाद विक्रम के परिवार में खुशी का माहौल है**

जायन्ट्स के मैच में अपनी 49 रुपए में टीम बनाई थी। इसमें मुझे रैंक-1 मिली। इसमें मुझे 3 करोड़ और महिंद्रा थार मिली है। इसके अलावा ड्रीम-11 ऐप से भी 2 लाख रुपए मिले हैं। विक्रम ने ऑनलाइन गेम खेलने वालों को सलाह दी कि इसे सिर्फ खेल की तरह ही खेलें और इसकी लत न लगाएं। मैंने रिस्क लेकर टीम बनाई थी, इसलिए जीता,



लेकिन यह हर बार नहीं होता। विक्रम ने आगे कहा-जीती हुई रकम का क्या करना है, इस पर कोई फैसला नहीं लिया है, लेकिन 3 करोड़ रुपए पर करीब 30 प्रतिशत टैक्स देना पड़ेगा, जो लगभग 90 लाख रुपए होगा।
विक्रम की पत्नी रेखा ने बताया कि जब मुझे यह खबर मिली तो मैं हैरान रह गई। कभी सोचा भी नहीं था कि हम करोड़पति बन जाएंगे। जब नाम आया तो यकीन ही नहीं हुआ। खुशी कैसे बयां करूं, कुछ समझ में नहीं आ रहा। विक्रम ने बताया कि मैं कॉमन सर्विस सेंटर पर ऑपरेटर का काम करता हूं। इसी से मेरा घर चलता है। सरपंच बनने के बाद भी गांव के विकास कार्यों पर भी ध्यान दे रहा हूं। पंचायत फंड से गांव में गली-नालों का निर्माण, सीसीटीवी लगवाने और सफाई व्यवस्था पर काम किया है। विक्रम के पिता वेद प्रकाश ने बताया कि जब मुझे रात को बेटे की जीत की खबर मिली तो मैंने यकीन नहीं किया।

# योग द्वारा लोगों को स्वस्थ रखना अभूतपूर्व कार्य : मेघा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** योग गुरु दिनेश गुलाटी द्वारा संचालित मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा सेक्टर 6 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संकल्प भंडारी, पार्षद वार्ड नंबर 8 और मेघा भंडारी, अध्यक्ष हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी ने विशेष रूप से शिरकत की और योग क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी एवम टीम के अन्य योग शिक्षकों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। संकल्प भंडारी ने कक्षा के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिनेश गुलाटी योग के क्षेत्र में

**योग सत्र**

**मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा सेक्टर 6 में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया**

सराहनीय काम कर रहे हैं और शहर में चलाई जा रही विभिन्न कक्षाओं के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक व स्वस्थ कर रहे है। मेघा भंडारी ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि जन कल्याण के लिए योग के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखना अभूतपूर्व कार्य है।

# सरकार लाना चाहती है वक्फ कानून में पारदर्शिता: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन करते हुए कहा है कि वक्फ संसोधन बिल से सिर्फ वो मुसलमान परेशान हैं, जो खुद वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर कब्जा किए बैठे हैं। मीडिया से बातचीत में सुभाष चंद्र ने कहा कि यह बिल वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि इस बिल में संशोधन का मतलब यह



बिल्कुल नहीं है कि मस्जिदें या संपत्तियां छिन जाएंगी। उन्होंने कहा कि जेपीसी में चर्चा के बाद बड़ी तसल्ली से यह बिल लाया गया है। केंद्र सरकार जो भी करने जा रही है, वह संविधान के दायरे में ही होगा। कोई भी असंवैधानिक कार्य नहीं किया जाएगा, इस बारे में मुस्लिम समाज पूरी तरह निश्चिंत रहे। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास ही मोदी सरकार का नारा है और उन्हें पूर्ण विश्वास है कि केंद्र सरकार जो बिल लेकर आई है वह सभी गरीब मुसलमानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा यकीन है कि संशोधन के बाद वक्फ के काम में पारदर्शिता आएगी। जो संशोधन बिल आया है वो वक्फ की समस्त धार्मिक सम्पत्ति के हित में होगा।

# आइटीआर फाइलिंग से अर्थ व्यवस्था मजबूत : चरणजोत सिंह नंदा

**सेमिनार**

**सीए की नौकरी को लेकर कोई कमी नहीं है। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जबरदस्त मांग है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आइसीएआइ) की ओर से करनाल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रेजिडेंट चरणजोत सिंह नंदा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में करनाल के चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से मुलाकात कर उन्होंने उनकी शंकाओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें लगातार प्रोफेशनल एजुकेशन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है, ताकि वे हर विषय पर निपुण हो सकें।
चरणजोत सिंह नंदा ने बताया कि बजट के बाद टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) एक बड़ा मुद्दा बन गया है। इस पर सेमिनार में विशेष चर्चा की गई, ताकि सीए मेंबर्स को सही




जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि टीडीएस को लेकर अक्सर जटिलताएं होती हैं, लेकिन सरकार इसे सरल बनाने के प्रयास में है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सीए की नौकरी को लेकर कोई कमी नहीं है। देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की जबरदस्त मांग है, जिससे नए सीए को तुरंत नौकरी मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए 30 लाख सीए की जरूरत होगी, जबकि फिलहाल देश में 5 लाख भी नहीं हैं। इसलिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी में करियर के जबरदस्त अवसर हैं।
चरणजोत सिंह ने बताया कि यदि किसी की सालाना सैलरी 12.75 लाख रुपए तक है तो उसे टैक्स देने की जरूरत नहीं होगी। इसका उद्देश्य यह है कि लोग अपनी कमाई को फिर से इकोनॉमी में इन्वेस्ट करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महसूस किया कि मिडिल क्लास का बड़ा हिस्सा टैक्स में चला जाता है, इसलिए इसे एक फंड के रूप में देखा गया और नए इन्वेस्टमेंट पैकेज के तहत इसे लागू किया गया। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद आईटीआर फाइलिंग की संख्या बढ़ेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में रुपया तेजी से सकुर्लेट होगा। यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि इससे भारत की विकास दर को बल मिलेगा। लिक्विडिटी की अधिकता से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है, लेकिन जब रुपया बाजार में रहेगा।

# 30 करोड़ 16 लाख की लागत से बनेगा 12.50 एमएलडी का एसटीपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि गांव खेडी मारकंडा में 12.50 एमएलडी कैपेसिटी का नया एसटीपी लगाने के प्रौजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। इस परियोजना पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस राशि में से 7 करोड का बजट सीवरेज पाइप लाइन और 18 करोड 65 लाख का बजट एसटीपी पर खर्च किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि एसटीपी परियोजना से पिपली सहित 7 से ज्यादा कालोनियों के



हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कार्यकताओं से बातचीत कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने गांव खेडी मारकंडा, मोहन नगर, वशिष्टद कालोनी, हरि नगर,कामरेट कालोनी, पुलिस लाईन, पिपली, बीड पिपली,कीर्तिनगर, गांधीनगर

**बजट**

**इस परियोजना पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा**

के हजारों लोगों को एसटीपी की सौगात दी है। इस एसटीपी को आगामी 30 वर्षों की लगभग 88 हजार से ज्यादा जनसंख्या को जहन में रखकर तैयार किया जाएगा। इस एसटीपी पर प्रदेश सरकार की तरफ से 30 करोड 16 लाख रुपए का बजट मंजूर किया है। इस बजट में से 7 करोड 2 लाख रुपए की राशि सीवरेज पाइप लाइन पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीवरेज पाइप लाइन बिछाने का जिम्मा एक एजेंसी को सौंप दिया है। यह पाइप लाइन खेडी मारकंडा,पिपली और अन्य कालोनियों में बिछाई जाएगी। इस पाइप लाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इस पाईप लाइन की लम्बाई 26 हजार 577 मीटर होगी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ एजेंसी को सख्त आदेश भी दिए है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखा जाए।

# महिला के खेत पर कब्जे की कोशिश, बदमाशों ने खड़ी गेहूं पर चलाया ट्रैक्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सदरपुर गांव में एक महिला किसान की जमीन पर जबरन कब्जा करने और उसकी खड़ी गेहूं की फसल नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता राजबाला ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने हथियारों के साथ खेत में घुसकर उसकी फसल नष्ट कर दी और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।
परिवार ने बदमाशों का विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी गई। पहले भी इन लोगों के खिलाफ शिकायत दी गई थी, लेकिन समझौते के बाद मामला शांत हो



गया था। अब दोबारा इस तरह की हरकत किए जाने पर महिला ने हिम्मत जुटाकर पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने चार नामजद समेत अन्य लोगों पर केस दर्ज किया है।
राजबाला ने बताया कि उसने 2022 में लाल सिंह से सदरपुर गांव में 2 एकड़ जमीन खरीदी थी। इसी खेवट में संजीता शर्मा नामक महिला ने भी जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री और कब्जा लेने के बाद से ही वह इस जमीन पर खेती कर रही है और उसका नाम जमाबंदी में भी दर्ज हो चुका है। बेटा बलिंद्र इस जमीन की देखभाल करता है।
राजबाला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पास की जमीन ठेके पर ले रखी है, लेकिन वे लगातार उसकी जमीन पर नजर गड़ाए हुए हैं। कई बार बेवजह खेत में घुसकर दखलअंदाजी करते हैं, ताकि वे दबाव बनाकर उसकी जमीन को सस्ते में खरीद सकें। इसको लेकर पहले भी एसपी और डीएसपी को शिकायत दी गई थी, जिसके बाद समझौता हो गया था।

# 10 सालों में बदल जाएगी घरौंडा हलके की तस्वीर: हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि निमार्णाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने पर अगले 10 सालों में घरौंडा हलके की तस्वीर बदल जाएगी। कुटैल स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल यूनिवर्सिटी का चरणबद्ध तरीके से विस्तार पूरा होने पर न केवल हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं भी सुलभ हो सकेंगी। हलके के मध्य से गुजर रहे रिंग रोड का कार्य पूरा होने से तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। हरविंद्र कल्याण आज धन्यवादी दौरे के तहत गांव गढ़ी मुल्तान और डींगर माजरा में ग्रामीणों को संबोधित



कर रहे थे। दोनों गांवों में उनका पगड़ी पहनकर व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। गढ़ी मुल्तान की प्रशंसा करते हुए उन्होंने इसे तरक्की पसंद गांव बताया। उन्होंने कहा कि इस गांव में साफ-सफाई व्यवस्था की अच्छी है। गांव की तरफ से विकास संबंधी जो भी मांगें रखी गई, उन्हें पूरा किया गया है।
स्पीकर ने कहा कि 2014 से पहले घरौंडा हलका विकास में काफी पिछड़ा हुआ था। भाजपा सरकार बनने के बाद हलके में काफी विकास हुआ है। मनोहर लाल के साढे नौ साल के मुख्यमंत्रित्व काल में जो भी मांगें रखी गई, उन सभी को पूरा किया

**निर्माणाधीन**

**निर्माणाधीन बड़े प्रोजेक्ट्स पूरा होने पर अगले 10 सालों में घरौंडा हलके की तस्वीर बदल जाएगी**

गया। एक समय था जब लोगों को छोटे-मोटे कार्यों के लिए करनाल जाना पड़ता था। लेकिन घरौंडा में उपमंडल बनने के बाद उन्हें काफी सुविधा मिली है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा पैसा लाभ पात्रों के बैंक खातों में सीधे पहुंच रहा है। ऐसा व्यवस्था बदलाव के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी का प्रथम चरण इसी साल पूरा हो जाएगा। अगले 15-20 सालों तक इसका निरंतर विस्तार जारी रहेगा। यहां बड़े अस्पताल खुलेंगे, नए डॉक्टरों की नियुक्ति होगी। इससे न केवल हलके के लोगों बल्कि उत्तरी हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को इसका फायदा होगा। अराईपुरा में एनसीसी अकादमी का निर्माण कार्य जारी है। सालों से उपेक्षित नहरों की खुदाई भी कराई जा रही है। इससे बाढ़ का खतरा कम होगा और नहरों में सिंचाई के लिए पहले से अधिक मात्रा में पानी आ सकेगा।
उन्होंने कहा कि सालों से कंडम चीनी मिल की सुध अगर ली है तो भाजपा सरकार ने। नई चीनी मिल बनने से गन्ना उत्पादक किसानों को फायदा हुआ है।

## संपादकीय

# माता जयंती को समर्पित ध्वज मंदिर

माँ काली व माँ भद्रकाली से पूर्व माँ के जिस स्वरुप का शब्दों के माध्यम से स्मरण किया जाता है,वह नाम है माँ जयंती का और माँ जयंती से ही शुरू होता है माँ का एक सुन्दर मन्त्र-------

*जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी*
*दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।

अर्थात जयंती, मंगला, काली, भद्रकाली, कपालिनी, दुर्गा, क्षमा, शिवा,धात्री,स्वाहा और स्वधा- इन नामों से प्रसिद्ध माँ जगदम्बिके आपको मेरा नमस्कार है। दुर्गा सप्तशती के अर्गलास्तोत्र का यह पहला श्लोक है। इस मन्त्र के बारे कहा गया है,यहां मंत्र सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाला है। इसमें आदि शक्ति मातेश्वरी के 11 नामों का स्मरण होता है, इन्हीं 11 नामों में माँ का प्रथम नाम है जयंती अर्थात 'जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते इति'। सबसे प्रमुख एवं विजयशालिनी सर्व सौभाग्य दायिनी माँ जयंती का भव्य दरबार कहां पर स्थित है इस विषय पर आज हम अपने पाठकों के सम्मुख इस दुर्लभ एवं खोजपरक आलेख के माध्यम से प्रकाश डाल रहे है

माँ जयंती की महिमा अनंत व अगोचर है। जनपद पिथौरागढ़ के आंचल में माता जयंती का भव्य दरबार पवित्र पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। जनपद मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी तय करने के पश्चात आगे 5 किलोमीटर की दुर्गम चढ़ाई चढ़ने के बाद माँ जयंती के भव्य भवन के दर्शन होते हैं। जिस चोटी पर माता का मन्दिर विराजमान है वह पर्वत शिखर पिथौरागढ़ जनपद की सबसे ऊंची चोटियों में एक है। यहां से चारों ओर पर्वत मालाओं का नजारा बड़ा ही भव्य दिखाई पड़ता है। दूर-दूर तक फैले पर्वतों के शिखर इस चोटी के सामने बहुत ही छोटे प्रतीत होते हैं। समुद्र तल से लगभग 21 सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर को ध्वज मंदिर भी कहते हैं। माँ जयंती को समर्पित इस मंदिर से थोड़ा सा पहले एक अद्भुत गुफा है। इस गुफा में भगवान शंकर एक भव्य अलौकिक स्वरूप में पिंडी के रूप में विराजमान है जिन्हें खण्डे नाथ के नाम से पुकारा जाता है। शिव और शक्ति की यह पावन भूमि युगों- युगों से पूजनीय है। स्कंद पुराण के मानस खण्ड में यहाँ का सुन्दर वर्णन मिलता है। इस स्थान की महिमा के बारे में जब ऋषियों ने व्यास जी से पूछा 'ध्वजपर्वत' की स्थिति, तीर्थस्थान, नदियों का उद्गम एवं वहां स्थित शिवलिङ्गों के माहात्म्य का वर्णन करें। ध्वज पर्वत कहाँ पर स्थित है ? उस पर आरुढ़ होने का क्या फल है ? वहाँ किन देवों की पूजा होती है ऋषियों के इस प्रश्न पर व्यासजी ने उत्तर दिया—मुनिवरों! 'रामगङ्गा' के बांई ओर 'पावन' पर्वत है। उसके दक्षिण में 'ध्वज' पर्वत है। उसका शिखर उन्नत है । अनेक धातुओं और औषधियों से वह प्रदीप्त है। सिद्ध, विद्याधर, यक्ष आदि के परिवारों से वह पर्वत वेष्टित है। दिव्य धातुओं की इसमें सहस्त्रशः खानें हैं। 'हिमालय' को नमस्कार करता हुआ यह 'ध्वजा' की तरह स्थित है। 'श्यामा' (काली नदी) के तीरवासी सिद्धों और चित्रसेनादि गन्धर्वों से यह सेवित है। इस पर्वत पर विशेषतः सिद्धों एवं विद्याधर-गणों का वास है। यहाँ 'चतुर्दशी के दिन आरूढ़ होने पर कामनायें पूर्ण होती हैं। पूर्णिमा के दिन जागरण करने से आठों सिद्धियाँ प्राप्त की जाती हैं।

# कर्म की सक्रिय व संयमित धारा यमुना



**अशोक प्रवृद्ध**

> विदग्धा, विवृद्धा, महाकुला। अर्थात- देह में वितस्ता वह नाड़ी है, जो देह में दाह अर्थात ताप को धारण करती है, वह बहुत व्यापक और त्वचा भर में व्याप्त है। आजीर्कीया का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- ऋजूकप्रभवा वा, ऋजुगामिनी वा। अर्थात- ऋजूक से उत्पन्न, वा ऋजु जाने वाली, मस्तक में विशेष स्थान ऋजूकहै। उससे निकली नाड़ी वितस्ता है।विपाट् का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- विपाटनाद्वा, विपाशनाद्वा, पाशा अस्यां व्यापाश्यन्त वसिष्ठस्य मूमूर्च्छतस्तस्माद् विपाट् उच्यते। अर्थात- विपाट् वह नाड़ी है जहां विपाटन होता है, जिस के फटने पर प्राण देह को त्याग देते हैं और आत्मा देह से पृथक हो जाता है, उसी का प्राचीन नाम उरुंजिरा है। सुषोमा उत्तम प्रेरणा वाली अथवा उत्तम वीर्य वाली वीर्यवहा नाड़ीअथवा जो अंगों में शक्ति प्रदान करे

**भारत में** प्रकृति के विभिन्न रूपों के पूजन की वृहत परंपरा रही है। यहां नदियों को भी माता कहकर देवी की भांति पूजा जाता है। उनकी जयंती मनाई जाती है। चैत्र मास की शुक्लपक्ष की षष्ठी तिथि को यमुना का अवतरण इस भूमि पर होने की मान्यता होने के कारण इस दिन को यमुना जयंती के नाम से जाना जाता है। और इस दिन यमुना का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसे यमुना छठ भी कहा जाता है। चैत्र की सूर्य षष्ठी का पहला अर्घ्य भी इस दिन सायं काल में अस्ताचलगामी सूर्य को दी जाती है। इस दिन यमुना स्नान, यौगिक क्रिया, यमुना पूजन, यमुनार्चना, यमुना आरती, दीपदान आदि का विशेष महत्व माना जाता है।

वैदिक मतानुसार पृथ्वी पृष्ठ पर भिन्न-भिन्न रूप और गति से बहनेवाली नदियां मानव को लाभ पहुंचानेवाली हैं, उनसे लाभ होना चाहिए। वेदों में गंगा,यमुना, सरस्वती का उल्लेख अनेक स्थानों पर हुआ है, लेकिन इसे सिर्फ एक भौगोलिक नदी तक सीमित कर देखना ठीक नहीं, बल्कि इसकी व्यापकता और यौगिक अर्थों को समझने, जानने की आवश्यकता है। वेद और वैदिक साहित्य में गंगा, यमुना, सरस्वती और अन्य नदियों का उल्लेख प्रतीकात्मक रूप से हुआ है। यह नाम केवल भौगोलिक नदियों के संकेतक नहीं है, बल्कि गहरी आध्यात्मिक और प्रतीकात्मक अर्थ लिए हुए हैं।वेद में नदियों को मानव चेतना, शरीर और आत्मा के परिष्करण की धारा के रूप में प्रस्तुत किया गया है।ऋग्वेद में एक ही स्थान पर पृथ्वी पर बहने वाली दस नदियों का वर्णन शरीर में अवस्थित दस नाड़ियों के संदर्भ में किया गया है-

इमं मे गङ्गे यमुने सरस्वति शुतुद्रि स्तोमं सचता परुष्ण्या ।
असिक्न्या मरुद्वृधे वितस्तयाजीर्कीये शृणुह्या सुषोमया ।।
-ऋग्वेद 10/75/5

अर्थात -हे गंगे, यमुने, सरस्वति, शुतुद्रि, परुष्ण, मरुद्वृधे, वितस्ता, असिक्नी और सुषोमा इनके साथ विद्यमान हे आजीर्कीये! तू हमारे इस स्तुतियोग्य वचन को श्रवण कर।

इस मंत्र में गंगा आदि देहगत दस नाड़ियों का वर्णन है,उनका विशेष वर्णन है। इसमें आत्मा रूप नदी सिन्धु का वर्णन है।लोक में गंगा, यमुना, सरस्वती, परुष्णी, मरुद्वृधा, शुतुद्री, वितस्ता, असिक्नी, सुसोमा और आर्जिकीया ये सब नाम नदियों के प्रसिद्ध हैं। वेद में इन शब्दों का मुख्यार्थ नदियों के प्रति संगत न होने से ये शब्द नदीवाचक नहीं हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से ये दस विशेष नाड़ियां हैं। उन नाड़ियों में व्याप्त आत्मशक्ति भी उसी -उसी नाम से पुकारी जाती है। इसे बृहदारण्यक में आत्मा कहकर अंकित इस वचन से भी समझ जा सकता है-

शुण्वन् श्रोत्रं भवत्ति मनो मन्वानो वाग वदन् इत्यादि।

संगीतविषये केरललिप्यां हस्तलिखितपुस्तक में कहा गया है-

इड़ा च पिङ्गलाख्या च सुषुम्ना चास्थिजिह्विका । अलम्बुसा यथा पूषा गान्धारी शङ्खिनी कुहूः देहमध्यगता एता मुख्याः स्युर्दश नाडयः।।

गंगा इड़ा नाड़ी है, वह आत्मा को ज्ञान प्राप्त कराती है, यमुना पिंगला है, जो देह के समस्त अंगों को सुव्यवस्थित करती और संयम में रखती है। सरस्वती सुषुम्ना, उसमें प्रशस्त ज्ञान-सुख का उद्भव होता है, परुष्णी का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा गया है- पर्ववती, भास्वती, कुटिलगामिनी। अर्थात- जो प्रतिपर्व पीठ के मोहरों में से नीचे तक गई है, वह वर्ण में चमकीली कुटिल मार्ग में गई है। असिक्ती का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- अशुक्ला, असिता सितमिति वर्गनाम तत्प्रतिषेधः। अर्थात- जो शुक्ल अर्थात चमकीली नहीं, उसमें जो रस बहता है उसका कोई रंग नहीं है। मरुद्वृधा का अर्थ करते हुए निरुक्त कहता है- सर्वा नद्यो मरुतः एनां वर्धयन्ति। अर्थात- जो और नाड़ियां है वे उसको बढ़ाती हैं, नाड़ी का वह अंश जहां अन्य सब मिल कर एक हो जाती हैं। अथवा मरुत, देह के प्राण उसको और वह प्राणों को पुष्ट करते हैं। शुतुद्रीका अर्थ करते हुए निरुक्तकार कहता है- शुद्राविणी, क्षिप्रद्राविणी, आशुतुन्ना इव द्रवति। अर्थात- जो वेग से गति करती, भरी-भरी चलती है।

वितस्ताका अर्थ निरुक्त इस प्रकार करता है- विदग्धा, विवृद्धा, महाकुला। अर्थात- देह में वितस्ता वह नाड़ी है, जो देह में दाह अर्थात ताप को धारण करती है, वह बहुत व्यापक और त्वचा भर में व्याप्त है। आजीर्कीया का अर्थ करते हुए निरुक्त में कहा है- ऋजूकप्रभवा वा, ऋजुगामिनी वा। अर्थात- ऋजूक से उत्पन्न, वा ऋजु जाने वाली, मस्तक में विशेष स्थान ऋजूकहै। उससे निकली नाड़ी वितस्ता है।विपाट् का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- विपाटनाद्वा, विपाशनाद्वा, पाशा अस्यां व्यापाश्यन्त वसिष्ठस्य मूमूर्च्छतस्तस्माद् विपाट् उच्यते। अर्थात- विपाट् वह नाड़ी है जहां विपाटन होता है, जिस के फटने पर प्राण देह को त्याग देते हैं और आत्मा देह से पृथक हो जाता है, उसी का प्राचीन नाम उरुंजिरा है। सुषोमा उत्तम प्रेरणा वाली अथवा उत्तम वीर्य वाली वीर्यवहा नाड़ीअथवा जो अंगों में शक्ति प्रदान करे। सिन्धु का अर्थ निरुक्त में इस प्रकार किया गया है- सिन्धुः यदेनामभिप्रसुवन्ति नद्यः । सिन्धुः स्यन्दनात। अर्थात- सब नदियां जैसे सिन्धु में आती हैं, ऐसे समस्त प्राण जिसमें आकर लय हो जाते हैं वह आत्मा ही सिन्धु है। वह एक शरीर से दूसरे शरीर में, एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में जाते हुए महानद के समान जाता है। इसलिए सिन्धु कहाता है। देह ही देश के तुल्य क्षेत्रकहाता है। -सा मे आत्माभूत इति सोमः। सोम मेरा अपना ही आत्मा है ऐसा ब्राह्मणप्रोक्त निर्वचन है, इससे सुषोमा स्वयं आत्मा रूप नदी है। आत्मा का नदीरूप से वर्णन करते हुए महाभारत में कहा गया है- आत्मा नदी संयम-पुण्यतीर्था, सत्योदका, शीलतटा दयोर्मिः। इत्यादि भिन्न- भिन्न स्थिति में यहां इन नामों से आत्मा को ही सम्बोधन किया गया है। ऋग्वेद 10/75/5 के मंत्रमें गंगे यमुने सरस्वतिइन तीन सम्बोधन शब्दों से गति, संयम व ज्ञानका प्रतिपादन है। गंगा शब्द गम्से और यमुना शब्द यम्से बना है। गंगा, अर्थात गति, क्रियाशीलता। अपनी तीव्र गति के कारण ही गंगा नदी का जल पवित्र है, क्रियाशीलता हमें भी पवित्र बनाती है। हमारे शरीर सदा क्रियाशील हों, तो मन संयम की भावना से ओत-प्रोत हो । यमुना, अर्थात यमन, संयम। हम मन को निरुद्ध करनेवाले हों। सरस्वती तो ज्ञान कीअधिष्ठात्री है ही। हमारा मस्तिष्क ज्ञानान्वित हो।वस्तुतः मंत्र में क्रियाशीलता, संयम, ज्ञान, वासना-विद्रावण, शुभ भावनाओं का पूरण, विषयों से अबद्धता, प्राणशक्ति, रोग व राग-द्वेषादि अशुभः क्षय, स्वस्थता व सबलता और विनीतता आदि से युक्त बनने के लिए परमात्मा से स्तुति की गई है। इस प्रकार स्पष्ट है कि गंगा पवित्रता और चेतन की उर्ध्वगामीधाराहै। गंगा शब्द का यौगिक अर्थ है-गम् + गम्यते अर्थात जो गमन शील है,जो ऊपर की ओर प्रवाहित होती है। आध्यात्मिक दृष्टि से गंगा का संबंध इड़ा नाड़ी से है। योग शास्त्र में यह नाड़ी चंद्र ऊर्जा का प्रतीक है, जो शीतल, शांत और पवित्र चेतन की धारा है। यह नाड़ी शरीर के बाई ओर प्रवाहित होती है और मानसिक स्थिरता एवं पवित्रता को बढ़ाती है।गंगा के गूढ़ तात्पर्यहैं -चेतना की शुद्धि। गंगा पवित्र जल की तरह मन और आत्मा की अशुद्धियों को दूर करती है।प्रकाश मय विचारलाती है। गंगा का प्रवाह सतोगुण का प्रतीक है। यह साधक को पवित्र चिंतन और आत्मिक शांति की ओर ले जाती है।यमुना शब्द का अर्थ हैं यम+ऊना अर्थात नियंत्रित प्रवाह।यह कर्म और ऊर्जा का प्रतीक है। आध्यात्मिक अर्थ में यमुना का संबंध पिंगला नाड़ी से है। यह सूर्य ऊर्जा का प्रतीक है, जो शरीर के दाहिने भाग में प्रवाहित होती है।



## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

## एचकेआरएनएल कर्मचारियों की अनदेखी

**प्रियंका सौरभ**

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) के तहत कार्यरत कर्मचारियों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यह कर्मचारी मेरिट के आधार पर भर्ती तो होते हैं, लेकिन इन्हें न तो उचित वेतन मिलता है और न ही नौकरी की सुरक्षा। सरकार इन्हें एक अस्थायी समाधान के रूप में इस्तेमाल कर रही है, लेकिन इनके अधिकारों की कोई परवाह नहीं की जा रही। एचकेआरएनएल के तहत काम कर रहे कर्मचारी सरकार के लिए सिर्फ एक "अस्थायी समाधान" बनकर रह गए हैं। सरकार इनका उपयोग कर वाहवाही तो बटोर रही है, लेकिन इन्हें स्थायी नौकरी देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। जब सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने की बात होती है, तो इन्हीं कर्मचारियों को दिखाकर सरकार आंकड़े चमकाने में लगी रहती है। हाल ही में सरकार ने एक ऐसा फरमान जारी किया है, जिससे एचकेआरएनएल कर्मचारियों की नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। सरकार न केवल इन कर्मचारियों को नियमित करने से कतरा रही है, बल्कि अब उन्हें हटाने की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह निर्णय हजारों परिवारों को बेरोजगारी की ओर धकेल सकता है। सरकार ने पहले 58 साल तक सुरक्षा की गारंटी दी थी, लेकिन जनवरी माह में विभिन्न विभागों में कार्यरत सैकड़ों एचकेआरएनएल कर्मचारियों को हटा दिया गया। जब हटाए गए कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया, तब भी सरकार ने उनकी एक न सुनी। अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को ईद के पवित्र त्योहार पर बड़ा झटका देते हुए नौकरी से हटा दिया गया। पंचकूला मुख्यालय के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने इन कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने शिक्षा विभाग में कार्यरत सैकड़ों सरप्लस शिक्षकों को भी हटाने का निर्णय लिया है। यह फैसला न केवल शिक्षकों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि शिक्षा प्रणाली पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। शिक्षक लंबे समय से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए समर्पित थे, लेकिन अब उनकी नौकरियों पर संकट मंडरा रहा है।एचकेआरएनएल के कर्मचारी नियमित सरकारी कर्मचारियों की तरह ही कार्य करते हैं, लेकिन इन्हें मात्र एक तिहाई वेतन मिलता है। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से इन कर्मचारियों को कमजोर बना रही है, बल्कि उनके मनोबल को भी गिरा रही है। कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने की समस्या लगातार बनी हुई है। कई बार महीनों तक वेतन अटका रहता है, जिससे वे आर्थिक संकट का सामना करने को मजबूर होते हैं। नियमित कर्मचारियों की तुलना में इन कर्मचारियों से अधिक कार्य लिया जाता है, लेकिन उन्हें कोई स्थायित्व नहीं दिया जाता।

## विचार

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी पांव प्रसार रही है ब्लडप्रेशर की बीमारी

सुभाष आनंद

वर्तमान समय में तेजी से बदलते रहन-सहन और खानपान के चलते लोगों का ब्लड प्रेशर लगातार बढ़ रहा है जो गंभीर चिंता का विषय है। खाने पीने के शौकीन लोगों में उच्च रक्तचाप की समस्या लगातार बढ़ रही है, उच्च रक्तचाप के कारण दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ता जा रहा है और अकाल मृत्यु की घटनाएं बढ़ रही है।पहले शहरी अमीरों की बीमारी समझा जाने वाला ब्लड प्रेशर का रोग अब ग्रामीणों को भी अपनी चपेट में ले रहा है। देश भर में जवान लोगों की बढ़ती मृत्यु की घटनाओं में जिस प्रकार बढ़ोतरी हो रही है उससे चिंताएं बढ़ रही है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट दिल्ली के मेडिसन विभाग के डॉक्टरों का एक मत से कहना है कि मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और ना ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है,जिससे भविष्य में लोगों के हृदय रोग के शिकार होने की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक सर्वे के अनुसार पंजाब में 45 से 60 वर्ष की आयु में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक पाई जाती थी लेकिन अब कुछ वर्षों से जवान लोगों को भी उच्च रक्तचाप की समस्या से घिरे हुए देखा गया है। लॉगगिट यूडिट एजिग स्टडी ऑफ इंडिया की ओर से प्रकाशित शोध पर आई एम ई (एस) ने पुनः शोध किया और दोबारा उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या पर चिंता प्रकट की है। उन्होंने बताया कि पंजाब में 60 फीसदी से ज्यादा लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि अनियमित लाइफस्टाइल इसका मुख्य कारण है,इसके साथ और भी कई कारण है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है जैसे शराब का सेवन ,घी-तेल ,तले भुने खाने का अधिक सेवन ,फास्ट फूड का प्रयोग ,खेती में स्प्रे का बढ़ता चलन इत्यादि। पिछले कुछ दिनों में 45 वर्ष की उम्र वालों में हाई ब्लड प्रेशर सबसे ज्यादा बढ़ा है। 40 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप से पहले वाले लक्षण मौजूद होते हैं, इसी कारण दिल के दौरे और स्ट्रोक होने का लोगों में ज्यादा खतरा है। पूरे भारत में स्थिति बहुत गंभीर होती जा रही है। देश भर में खान-पान ठीक ना होने के कारण उच्च रक्तचाप के रोगियों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। कुछ डॉक्टरों का मानना है कि महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में उच्च रक्तचाप की समस्या ज्यादा पाई जाती है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के डिपार्टमेंट आफ कम्युनिटी मेडिसन एवं स्कूल आफ पब्लिक हेल्थ में तैनात डॉक्टरों की टीम का कहना है कि 15 से 49 वर्ष के आयु वर्ग में पुरुष उच्च रक्तचाप का प्रसार बराबर आयु की महिलाओं की तुलना में अधिक है। उन्होंने बताया कि 45 प्रतिशत भारतीय वयस्क उच्च रक्तचाप से ग्रस्त मिले जबकि 30 फीसदी को निदान और नियंत्रण के अभाव से उच्च रक्तचाप था। उच्च रक्तचाप से पीड़ित युवा और उम्रदराज आबादी दोनों के साथ हमारे सामने एक बड़ा स्वास्थ्य संकट मौजूद है। शोध में पाया गया है कि 60 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का वजन कम है। ऐसे में देखा जाए तो अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी पड़ेगी ,बदलते मौसम में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत पर बुरा असर पड़ता है, लोगों को फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए और सुबह शाम लंबी सैर की आदत डालना जरूरी है ,यदि आप उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए और नियमित दवाई का सेवन करना भी चाहिए। उच्च रक्तचाप के कारणों पर नजर डाली जाए तो साफ स्पष्ट है कि लोगों ने मेहनत वाला काम करना छोड़ दिया है , महिलाएं भी अब घरों के काम में रुचि नहीं लेती। पहले कपड़े धोने, पानी भरने जैसे मेहनत वाले काम महिलाएं किया करती थी जिससे उनका पर्याप्त व्यायाम हो जाता था। पुरुष भी काम पर पैदल या साइकिल से जाया करते थे।यह काम अब कम होने लगे हैं। लोगों में शराब की लत पहले से ज्यादा बढ़ रही है । पहले लोग दूध ,लस्सी, मक्खन खाया करते थे लेकिन अब यह गांव में भी लुप्त होता जा रहा है, अब यह बीमारी घर घर में दस्तक दे रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## व्रतधारियों पर मिलावट का कहर

**निर्मल रानी**

**उत्तराखंड** की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग 'फूड पॉइजनिंग' का शिकार हो गये। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे खरीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून,हरिद्वार,उधम सिंह नगर व नैनीताल जिलों में अनेक शहरों व कस्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई 'सौगात ' दिया जाना चाहिये था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुगल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गये या उर्दू फारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने 'संस्कारित दूरगामी एजेंडे ' को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस कवायद को जनभावनाओं के मद्देनजर और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने खान पुर,मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला। बहरहाल,कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा जहरीला कुट्टू का आटा खाने के लिये मजबूर थे। साफ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफरती एजेंडे को लागू करना था। इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर,सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गये। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्खियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया। बहाना था वित्त वर्ष 2024-25 के समापन का समय ईद के दिन यानी 31 मार्च को पड़ना। उत्तराखंड की ही तरह हरियाणा में भी नवरात्रों जैसे पवित्र पर्व के दौरान धड़ल्ले से कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा बिक रहा था।

## सरकारी दफ्तर की चाय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**सुबह** के नौ बजते ही सरकारी दफ्तर की सीढ़ियाँ चढ़ने वाले कर्मयोगियों का मेला लग जाता। पर असली खेल तो दस बजे शुरू होता, जब बाबूओं की आँखें चाय की तलाश में दरवाजे से बाहर झाँकने लगतीं। सरकारी चाय भी किसी प्रेमिका से कम न थी—आधी उम्र बीत जाती थी उसे हासिल करने में, और जब मिलती थी तो इतनी फीकी कि पीने से अच्छा आदमी अपने आँसू चाट ले। दफ्तर में रामलाल बाबू सबसे अनुभवी थे। चाय के कप को पकड़ते ही ऐसा चेहरा बना लेते जैसे खुद ब्रिटिश महारानी ने उन्हें गोल्डन कप सौंपा हो। पहला घूँट लेते ही ललकारते, "क्या, इसमें चीनी डालना भूल गए या गन्ना किसानों से दुश्मनी हो गई?" इस पर चपरासी सुखलाल मुस्कराता और कहता, "बाबू जी, यह सरकारी चाय है, इसमें केवल उम्मीदें घुलती हैं, चीनी नहीं!" काम का आलम ऐसा था कि कागज के पहाड़ वैसे ही जमा रहते जैसे पुरानी हवेली में धूल। टेबल पर रखी फाइलें ऐसी जमतीं कि उन्हें देखकर पुरातत्त्व विभाग वाले भी भ्रमित हो जाते कि ये सरकारी दस्तावेज हैं या सिंधु घाटी सभ्यता की धरोहर। ऊपर से अफसर आते तो बाबू ऐसे ऐक्टिंग करते मानो फाइलों से अभी-अभी करके बाहर निकले हों। और अफसर भी अनुभवी थे, मुस्कराकर कहते, "अच्छा-अच्छा, बहुत व्यस्त हो, लेकिन यह बताओ कि आज के नाश्ते का क्या इंतजाम है?" रामलाल बाबू का असली हुनर तब दिखता जब वे फाइलों को घुमाने की कला में लगते। किसी भी अजी पर पेन चला देते, "अभी प्रक्रिया में है," और अगर मामला ज्यादा गंभीर होता तो लिख देते, "संबंधित विभाग से संपर्क करें।" किसी ने पूछा, "बाबूजी, संबंधित विभाग कौन-सा?" तो वे हल्की मुस्कान के साथ जवाब देते, "वही, जिससे जवाब मिलने में ज़िंदगी बीत जाए!" लंच टाइम आते-आते चाय की दूसरी खेप की तैयारी होती। सुखलाल फिर से चाय के गिलास लेकर हाज़िर होता। इस बार उसमें थोड़ी और कलाकारी होती। मतलब, चाय पहले से भी ज्यादा पानीदार। बाबूजी चाय को घूरते हुए कहते, "ये चाय है या हमारे दफ्तर के बजट का हाल?

## न्यूज फ्लैश

### 1 किलो 800 ग्राम गांजा तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को गिरफ्तार किया

**पानीपत,(कमाल हुसैन)**
थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने 1 किलो 800 ग्राम गांजा (नशीला पदार्थ) तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को सिवाह बस अड्डा से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रणजीत निवासी पडरावा गया बिहार हाल गंगाराम कॉलोनी के रूप में हुई। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस की टीम ने बीते शुक्रवार को चौटाला रोड स्थित रिसालू कट पर 1 किलो 800 ग्राम गांजा नशीले पदार्थ सहित नशा तस्कर आरोपी सूरज निवासी बगानपुर ललंदा बिहार हाल किरायेदार गंगाराम कॉलोनी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने उक्त गांजा कुछ दिन पहले गंगाराम कॉलोनी निवासी रणजीत पुत्र सुरेंद्र से 15 हजार रूपए में खरीद कर लाने बारे स्वीकारा था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था कि वह गांजा बेचकर शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त गांजा खरीदकर लाया था। आरोपी सूरज के खिलाफ थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने गहनता से पूछताछ करने व नशा सप्लायर के ठिकानों का पता लगा काबू करने के लिए शनिवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने आरोपी नशा सप्लायर रणजीत को मंगलवार को मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर सिवाह बस अड्डा से काबू किया। पूछताछ में आरोपी रणजीत ने आरोपी सूरज को गांजा बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी ने गांजा बेचकर हासिल किए 15 हजार रूपए खाने पीने में खर्च कर दिए। आरोपी सूरज को रिमांड अवधी पूरी होने पर व आरोपी रणजीत को पूछताछ के बाद मंगलवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया।

### पुलिस ने निजी स्कूल में आयोजित किया साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । माह के प्रथम बुधवार को साइबर जागरूकता दिवस के अवसर पर कनीना के मोड़ी गांव स्थित एक निजी स्कूल में थाना सदर कनीना की पुलिस टीम द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और उन्हें ऑनलाइन सुरक्षित रहने के आवश्यक उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में एएसआई प्रीतम ने साइबर जागरूकता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर खतरों, जैसे कि डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन टास्क फ्रॉड, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के जोखिम और साइबर बुलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ने मजबूत पासवर्ड बनाने, अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखने, अज्ञात लिंक और ईमेल पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया का सावधानी व जिम्मेदारी से उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने माता-पिता या शिक्षकों को देने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े अपने सवाल पुलिस टीम से पूछे। पुलिस टीम ने उनके सवालों के संतोषजनक जवाब दिए और उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। कार्यक्रम के अंत में, स्कूल स्टाफ ने पुलिस का इस महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को साइबर खतरों से बचाने और उन्हें एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जल दिवस के उपलक्ष्य में हकेंवि में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और सतत प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आयोजन में विशेषज्ञ व्याख्यान, पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक और लीक-ए-थॉन आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने छात्रावासों में जाकर जल रिसाव के स्रोतों की पहचान और विश्लेषण किया।

# मंडी में घूसखोरी की शिकायत, विधायक बोले- होगी सख्त कार्रवाई

## मंडी में घूसखोरी की शिकायत, विधायक बोले- होगी सख्त कार्रवाई



**दिशा-निर्देश**

**मंडी में सरसों की खरीद को लेकर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः हलका** विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को शहर की अनाज मंडी का दौरा किया। यहां उन्होंने अधिकारियों, आढ़तियों और किसानों से बातचीत की। उन्होंने मंडी में सरसों की खरीद को लेकर किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। कहा, मंडी में शौचालय, बिजली और पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। लापरवाही पर संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई होगी। विधायक ने बताया कि सरसों की खरीद को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। नमी की बात हो या खरीद की प्रक्रिया, कुछ अधिकारी पैसों के लालच में भेदभाव करते हैं। पैसे मिलने पर काम कर देते हैं, नहीं मिलने पर किसानों को परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी के नाम उच्चाधिकारियों को दे दिए गए हैं। जल्द कार्रवाई होगी। कादियान ने कहा कि किसान मेहनत से फसल उगाकर मंडी लाता है, वहां उससे घूस मांगी जाती है, यह बेहद दुखद है। अधिकारी ऐसा करता है तो तत्काल कार्रवाई होगी। आने वाले दिनों में मंडी में गेहूं की आवक भी शुरू हो जाएगी। जरूरी है व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी को शिफ्ट कराना उनकी प्राथमिकता है। विधानसभा सत्र में यह मुद्दा उठाया गया था। उन्होंने बताया कि बंद पड़े बस अड्डे का नवीनीकरण कर उसे आधुनिक और कॉम्प्लेक्स युक्त बनाया जाएगा। कॉलेज भवन और अस्पताल की बिल्डिंग भी प्रमुख मुद्दे हैं। कॉलेज में स्टाफ की कमी को जल्द दूर किया जाएगा। इस मौके पर सचिव दीपक कुमार, जगबीर कादियान, अमित बत्रा, सरपंच मंजीत कुमार, सरपंच मेहर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत विधायक देवेंद्र कादियान ने बुधवार को शाहपुर तगा, खेड़ी तगा, घसौली, बेगा, बलिंदा गढ़ी, दतौली, बड़ी और टेहा गांव का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सरपंचों व लोगों ने गांवों के विकास से जुड़ी मांगें रखीं।

## समालखा पट्टी कल्याणा सेवा साधना में कार्यशाला में पहुंचे सीएम सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा कुलदीप सिंह ):**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती की उपलक्ष में दो बड़ी सौगातें हरियाणा को देने जा रहे हैं सबसे पहले देश के प्रधानमंत्री हिसार पहुचेंगे और हिसाब हवाई अड्डे से शुरू होने जा रही फ्लाइट का शुभारंभ करंगे और टर्मिनल का शिलान्यास करने पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूसरा बड़ा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यमुनानगर में रहेगा।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर में 800 मेगावाट यूनिट का शिलान्यास करेंगे
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लोग देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दिल खोलकर स्वागत करेंगे
मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गर्व है देश के प्रधानमंत्री पर जो हर रोज देश की तस्वीर को बदलने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विजन भी है और मिशन भी है की भारत विकसित राष्ट्र बने और इस दिशा में तेज गति से काम भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लोग भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कंधे से कंधा मिलाकर विकसित हरियाणा और विकसित भारत के लिए गति से काम करेंगे।

## अम्बाला कैंट शहीद स्मारक के फूड कोर्ट लीज के लिए टेंडर आमंत्रितः कुलदीप सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** शहीद स्मारक अंबाला के निदेशक डा.कुलदीप सैनी ने कहा कि भारत की आजादी की पहली लड़ाई 1857 की क्रान्ति में अपने अदम्य साहस का परिचय देकर अपनी वीरता दिखाने वाले एवं शहीद हुए वीरों की शहादत को नमन करने व उनकी शौर्य गाथा की यादगार में अंबाला कैंट में (अंबाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे 44 पर आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। निदेशक डा.कुलदीप सैनी ने कहा कि यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा।

## होटल प्रबंधन संस्थान मे हुआ वार्षिक दिवस का आयोजन



**सम्मान**

**यह संस्थान लगभग 50 वर्ष पुराना है जो की पूरे हरियाणा का पहला संस्थान है। छात्र-छात्राएं एक साथ पढ़ते है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**होटल** प्रबंधन संस्थान, पानीपत में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विषय परंपरा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान सचिव विरासत एवं पर्यटन हरियाणा कला रामचंद्रन, आईपीएस ने सिरकत की । संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने पुष्प गुछ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जिनमें समूह नृत्य, एकल गीत और कविता आदि की रंगारंग प्रस्तुति की गई । तत्पश्चात मुख्य अतिथि कला रामचंद्रन छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हे अपने क्षेत्र में सफल बनने के आहान और उनके अच्छे भविष्य की कामना की और छात्रों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के मूल मंत्र बताए तथा उन्हे परिश्रम से आगे बढ़ने की सलाह दी साथ ही उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने पूरे वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विधार्थियों को सम्मानित किया। बीएससी तृतीय वर्ष में से मिस्टर फेरवेल सौरब कुमार और मिस फेरवेल चाहत चोपड़ा, फूड प्रॉडक्शन में से मिस्टर फेरवेल गौरव लाकड़ा और मिस फेरवेल चांदनी और फूड & बेवरेज सर्विस में से मिस्टर फेरवेल श्री राज कुमार और मिस फेरवेल सुश्री निशु को चुना गया। अंत में कार्यकारी प्राचार्य श्री चन्दन वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का संस्थान में पहुचने पर हार्दिक धन्यवाद एवं अभिनंदन किया। यह संस्थान लगभग 50 वर्ष पुराना है जो की पूरे हरियाणा का पहला संस्थान है। इस संस्थान में छात्र-छात्राएं एक साथ पढ़ते है। संस्थान में छात्र-छात्राओ के लिए हॉस्टल की सुविधा भी है। यहाँ से बहुत सारे विद्यार्थी डिग्री ओर डिप्लोमा उतिर्ण करके विदेशो में कार्यरत है।

## घरौंडा, असंध व इंद्री अनाज मंडियों में हो रही सरसों की निरंतर खरीदः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि अनाज मंडी घरौंडा, असंध व इंद्री में सरसों की निरंतर खरीद की जा रही है। उपायुक्त ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं से सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के सम्बन्ध में निर्देश दिए हैं कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दें।
उन्होंने किसानों से सरसों सुखाकर मंडी में लाने की अपील की, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। मंडी में बिजली और पानी सहित सभी व्यवस्था बेहतर हों। आढ़तियों को बारदाने को लेकर सम्बंधित समस्या का अधिकारी उचित प्रबंध करें। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से रहे, ताकि मंडी में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि गत दिवस तक 3740 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई तथा सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 3004 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सरसों का 5950 रुपए प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। कोई भी किसान मंडी में आकर अपनी फसल टोकन कटवाकर बेच सकता है।

## घरौंडा रेलवे स्टेशन के पास 3 युवक गिरफ्तार, 7 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद



**काबू किया**

**ये तीनों करनाल से शराब लेकर आए थे और इसे ट्रेन के जरिए बिहार ले जाने की फिराक में थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के घरौंडा रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने तीन प्रवासियों को सात पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। ये तीनों करनाल से शराब लेकर आए थे और इसे ट्रेन के जरिए बिहार ले जाने की फिराक में थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर नसीब विहार कॉलोनी के पास रेलवे ट्रैक के नजदीक घेराबंदी कर इनको पकड़ा गया। तलाशी के दौरान चार पेटी रॉयल ग्रीन और तीन पेटी रॉयल स्टैग शराब बरामद हुई। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अब आगे की जांच जारी है।
पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियों की पहचान राम विनय, रामकुमार उर्फ काली और जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। ये तीनों बिहार के रहने वाले हैं और फिलहाल घरौंडा मंडी में ठेकेदारी का काम कर रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि ये लोग करनाल से अवैध शराब लेकर आए हैं और इसे ट्रेन से बिहार ले जाने की फिराक में हैं। इसके बाद हेड कॉन्स्टेबल ऊष्म कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीनों को रेलवे ट्रैक के पास से काबू कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी जितेंद्र कुमार पहले भी अवैध शराब के मामले में पकड़ा जा चुका है। करीब डेढ़ महीने पहले पुलिस ने उससे तीन पेटी शराब बरामद की थी, तब भी उसने बताया था कि वह करनाल से शराब लेकर आया है। इसके बावजूद उसने अपनी गतिविधियां नहीं रोकी और फिर से तस्करी में लग गया। अधिकारी ऊष्म कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## विकसित भारत के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यकः सतीश पूनिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे उपस्थित
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बुधवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर केंद्रित पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, विधि विभाग, एनसीसी व एनएसएस यूनिट के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन में मुख्य अतिथि व राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री सतीश पूनिया ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण हेतु एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों हरियाणा विधान सभा चुनाव के दौरान प्रचार करते हुए उन्होंने स्थानीय लोगों से जब इस विषय पर संवाद किया तो उनका मत भी एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में था। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव, विशेषज्ञ वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस अधिकारी नरेंद्र कुमार,
इग्नू, नई दिल्ली के प्रो. सतीश कुमार उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने की।

## फतेहाबाद जिले से पांच युवतियां लापता, पुलिस ने दर्ज किए केस

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से पांच युवतियों के अलावा एक व्यक्ति के लापता होने का समाचार है। सभी मामलों में परिजनों द्वारा बुधवार को पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में रामसरा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि अब वह अपने परिवार के साथ भट्टू मण्डी में रहता है। गत सुबह उसकी 18 साल की लड़की घर पर बिना किसी को बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मनाया गया उत्कल दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में उत्कल दिवस (ओडिशा डे) धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत ओडिशा प्रदेश के विद्यार्थियों ने यह पर्व पारम्परिक रीति-रिवाज के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री तनम्य दास व मुख्य वक्ता के रूप में श्री जगन्ननाथ संस्कृति सुरक्षा अभियान के सचिव श्री अजय राउत की गरिमामयी उपस्थिति रही। विश्वविद्यालय के प्रो. मूल चंद शर्मा सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके पश्चात ओडिशा राज्य के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र प्रधान को सभागार में उपस्थित सहभागियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद ओडिशा के राज्य गीत ‰वंदे उत्कल जननी‰ की मधुर प्रस्तुति हुई। प्रो. टंकेशवर कुमार ने सभी को उत्कल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए खुशी व गर्व की बात है कि हम विश्वविद्यालय में प्रति वर्ष उत्कल दिवस का आयोजन करते हैं। कुलपति ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों, शिक्षकों व शोधार्थियों को एक-दूसरे राज्यों की कला, संस्कृति, खानपान व परम्पराओं से रुबरु होने का अवसर प्रदान करता है। आयोजन में उपस्थित विशिष्ट अतिथि श्री तनम्य दास ने उत्कल दिवस की बधाई देते हुए इस दिवस विशेष के महत्त्व से अवगत कराया।
उन्होंने कहा कि ओडिशा की समृद्ध परंपराएं इतिहास, कला और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम हैं। उन्होंने इस आयोजन के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी।

## 15 अप्रैल तक प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जाएंगेः पवन वशिष्ठ



**विरोध**

**जमाकर्ता चौक हुड्डा पानी की टंकी पर इकट्ठा होकर सांसद एवं विधायक के कार्यालय पर प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** सीटू से सम्बन्धित सागा ग्रुप संयुक्त संघर्ष समिति के राष्ट्रीय संयोजक पवन वशिष्ठ, राष्ट्रीय सह संयोजक आनंद शर्मा एवं हरियाणा राज्य नेता विकास ने प्रैस ब्यान जारी करते हुए कहा कि सागा ग्रुप से जुड़ी 7 सोसाइटी के हजारों पीड़ित एजेंट्स और निवेशकों द्वारा 25 मार्च को जंतर मंतर पर किए गए जोरदार प्रदर्शन के बाद अब देश भर में सभी केंद्रीय मंत्रियों राज्य सरकारों के मंत्रियों सांसदों एवं विधायकों के आवासों पर 15 अप्रैल तक प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जाएंगे। उसी कड़ी में 2 अप्रैल को सोनीपत में सैकड़ो एजेंट एवं जमा करता अगर सेन चौक हुड्डा पानी की टंकी पर इकट्ठा होकर सांसद एवं विधायक के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपना ज्ञापन सौंपेंगे ।
उन्होंने सरकार से मांग कि की सोसायटी के सीएमडी समीर अग्रवाल सहित पूरी टीम को पकड़ा जाए, उनकी संपत्ति कुर्क की जाए और जिन लोगों ने सोसायटी में पैसा जमा किया है, उसे दिलवाया जाए। सोसायटी के सीएमडी ओर प्रबंधन टीम ने जनता को धोखे में रखकर उनकी मेहनत की कमाई हड़पने का एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा है। सागा ग्रुप के तहत 7 संस्थाएं देश के 16 राज्यों में 2012 से कम कर रही है। देशभर में 45 लाख से अधिक निवेशकों ने इस सोसाइटी में अपनी जीवनभर की कमाई निवेश की थी। इसमें लाखों लोगों ने अपनी करीबन ?70000 करोड़ रुपए की जमा-पूंजी इसमें लगा दी। इनमें किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे के सहारे के लिए इसमें निवेश किया था। अब सोसाइटी के सभी प्रमुख अधिकारी फरार हो गए। उन्होंने कहा कि सोसाइटी ने अपनी शुरूआत फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा योजनाओं के माध्यम से की और निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। सोसाइटी के मालिकों ने जनता को ठगने का एक पूर्व-नियोजित षड्यंत्र रचा था जिसकी जांच की जानी चाहिए। इसमें ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी, एस एस सोसाइटी, एस एस वी सोसाइटी, एल जे सी सी, एल यू सी सी, यशोदीप सोसाइटी, विश्वाश सोसाइटी शामिल हैं जिनके एम डी समीर अग्रवाल थे जो आज हजारों करोड़ का फ्रॉड करके दुबई में बैठा है जिसे तुरंत भारत में लाया जाए।
उन्होंने कहा कि यह केवल छोटा सा मामला नहीं है बल्कि क्योंकि लाखों निवेशकों की हजारों करोड़ रुपए की मेहनत की कमाई को चंद लोगों ने हड़प लिया।

## गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूलः हवन यज्ञ के साथ किया नए सत्र का शुभारंभ



**टीम एक्श इंडिया**
**समालखा समालखा** गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल जौरासी रोड समालखा में नए सत्र का शुभारंभ करने के लिए बुधवार को हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा व उनकी धर्मपत्नी यज्ञमान के रूप में उपस्थित रहे । स्कूल में मौजूद सभी शिक्षार्थियों व शिक्षकों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधा गया। आचार्य जगमिन्दर ने पूरे वैदिक मंत्र- उच्चारण के साथ हवन -यज्ञ संपन्न करवाया। हवन समाप्ति पर प्रधानाचार्या डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने सभी विद्यार्थियों को हवन यज्ञ के विषय में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी भी कार्य की शुरूआत हवन यज्ञ के द्वारा की जाए तो वह कार्य सकुशल संपन्न हो जाता है।वहीं स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा व उनकी पत्नी अनुराधा ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नए स्तर की शुरूआत के लिए आशीर्वाद दिया।

# विस में कपिल के इस्तीफे की मांग को लेकर आप का हंगामा

आम आदमी पार्टी के विधायकों ने दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग की

**नारेबाजी**

**आप विधायकों ने हाथ में कपिल मिश्रा के इस्तीफे के प्ले कार्ड लेकर सदन की वेल में नारेबाजी करने लग**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। आआपा विधायकों ने हाथ में कपिल मिश्रा के इस्तीफे के प्ले कार्ड लेकर सदन की वेल में नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने आआपा के सातों विधायकों को निलंबित करके मार्शल द्वारा सदन से बाहर निकालने का आदेश दिया। मार्शल द्वारा बाहर निकाले जाने के विरोध में आआपा के अन्य विधायक भी सदन से बाहर चले गए।
विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को दस मिनट तक स्थगित कर दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आआपा विधायकों ने विधानसभा परिसर में बैनर और प्ले कार्ड लेकर कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। आतिशी ने कहा कि कोर्ट ने दिल्ली दंगों में भड़काऊ भाषण के लिए कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए हैं। जब दिल्ली दंगों के सभी आरोपित तिहाड़ जेल में हैं तो क्यों दिल्ली पुलिस कपिल मिश्रा को गिरफ़्तार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कपिल मिश्रा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त क्यों नहीं कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली दंगों में भूमिका के संबंध में दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच करने का आदेश दिया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन को स्वीकार कर लिया। इसके पहले कड़कड़डूमा कोर्ट ने भी कपिल मिश्रा के मामले में लापरवाही बरतने पर ज्योति नगर थाने के एसएचओ पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

## नकली फार्मेसी सर्टिफिकेट मामले में 45 लोग गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नकली फार्मेसी सर्टिफिकेट मामले में एसीबी ने 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में 35 वो लोग शामिल हैं, जिन्होंने फर्जी तरीके से फामेर्सी में डिग्री या डिप्लोमा की डिग्री हासिल की थी। इसके अलावा दिल्ली फामेर्सी काउंसिल के रजिस्टार, दलाल व सर्टिफिकेट बनाने वाले आरोपी शामिल हैं। दिल्ली फार्मेसी काउंसिल के रजिस्टार कुलदीप सिंह की नियुक्ति पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने 2020 में की थी। जांच में पता चला है कि कुलदीप ने 5000 के करीब सर्टिफिकेट जारी किए। इसमें अधिकतर सर्टिफिकेट फर्जी पाए गए हैं।

## एमटीएनएल के तार के साथ दो चोर गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दक्षिण** पश्चिम जिले के किशनगढ़ थाना पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 355 किलोग्राम एमटीएनएल की चोरी की केबल बरामद की है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपितों की पहचान गाजियाबाद के गांव बेरापुर निवासी असलम और बिहार के अररिया स्थित मझुवा निवासी मोइनुद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस ने एक अप्रैल की रात अरविंदो मार्ग पर गश्त के दौरान दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। इन्होंने बोरे में चोरी का केबल रखा हुआ था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर आईआईटी के पास से एमटीएनएल केबल चोरी किया था। वे केबल काटकर उसमें से तांबा निकालकर बेच देते थे। पुलिस को इनके साथी असलम, अयूब और वारिस के ठिकानों के बारे में भी पता चला है। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।




दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा स्वामी विवेकानंद स्मृति राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर बुधवार को डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

## राज्यसभा ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के साथ जताई एकजुटता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर आज राज्यसभा ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और लोगों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है। इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## बाल्यान की याचिका पर अब 9 अप्रैल को सुनवाई

**याचिका**

**पानी, सड़कों और गंदगी से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान की मकोका के मामले में दायर जमानत याचिका पर अब दूसरी बेंच सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस विकास महाजन की बेंच ने नरेश बाल्यान की जमानत याचिका को जस्टिस रविंद्र डूडेजा की बेंच के समक्ष लिस्ट करने का आदेश दिया। नयी बेंच 9 अप्रैल को सुनवाई करेगी। दिल्ली पुलिस ने नरेश बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि बाल्यान के खिलाफ मकोका का मामला बनता है, क्योंकि 2019 की एफआईआर में आपराधिक सांठ-गांठ का खुलासा 2024 में हो गया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने मकोका के प्रावधान को पढ़ते हुए कहा था कि अगर कोई व्यक्ति किसी भी तरह से अपराध में मदद करता है तो वो मकोका के दायरे में आएगा। अमित प्रसाद ने कहा था कि चार्जशीट में गिरोह का जिक्र किया गया है, इसमें केवल एक व्यक्ति की भूमिका की बात नहीं है। 2019 में दर्ज एफआईआर से सम्बंधित चश्मदीद गवाह की 2024 में हत्या कर दी गई। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली नरेश बाल्यान की ओर से पेश वकील एमएस खान ने कहा कि उनके खिलाफ मकोका का आरोप नहीं बनता है, क्योंकि इसके लिए निरंतर अपराध होना जरूरी है, जबकि एफआईआर में कोई नया अपराध या कोई नई गतिविधि दर्ज नहीं की गई है।
इससे पहले 29 जनवरी को कोर्ट ने बाल्यान की अपनी पत्नी को चुनाव लड़ाने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने की मांग खारिज कर दी थी। पेश वकील ने बाल्यान की कस्टडी पैरोल की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि बाल्यान का केस ताहिर हुसैन के केस से अलग है। f

# एनएच और एक्सप्रेस-वे के किनारे 501 डब्ल्यूएसए आवंटित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। सरकार ने विभिन्न** राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों तथा एक्सप्रेस-वे के किनारे 501 वे-साइड एमिनिटीज (डब्ल्यूएसए) आवंटित किए हैं। इनमें से 94 डब्ल्यूएसए शुरू हो चुके हैं। वित्त वर्ष 2028-2029 तक 700 से अधिक डब्ल्यूएसए का विकास पूरा होने की संभावना है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक अतारांकित प्रश्न के लिखित वक्तव्य में दिया। इन डब्ल्यूएसए सुविधाओं में ईंधन स्टेशन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, ढाबा-रेस्तरां अथवा भोजनालय आदि सुविधाओं का प्रावधान है। गुणवत्ता निगरानी के उद्देश्य से उपयोगकताओं को डिजिटल इनपुट प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए डब्ल्यूएसए में एक डिजिटल फीडबैक प्रणाली स्थापित की गई है। डब्ल्यूएसए का संचालन निजी बोली के माध्यम से चुने गए ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है। हालांकि, रोजगार के अवसर पैदा करने और स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए, समर्पित कवर्ड जोन में अनिवार्य सुविधाओं के हिस्से के रूप में दुकानों के लिए क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। साथ ही स्थानीय उपज को बढ़ावा देने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से आवश्यक सुविधाओं के रूप में ग्राम हाट का प्रावधान किया गया है। चूंकि डब्ल्यूएसए का संचालन बोली प्रणाली के माध्यम से चुने गए ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है इसलिए रोजगार सृजन का विवरण सरकार द्वारा प्राप्त नहीं किया जाता है।
सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के किनारे लगभग 40-60 किलोमीटर के अंतराल पर सड़क किनारे सुविधाओं के विकास की परिकल्पना करती है। फिलहाल, कुल 501 डब्ल्यूएसए का आवंटन किया गया है।
उनमें से 94 ऑपरेशनल हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश में 5, असम में 3, गुजरात में 9, हरियाणा में 20, झारखंड में 1, कर्नाटक में 5, मप्र में 11, पंजाब में 2, राजस्थान में 20, तमिलनाडु में 5, उप्र में 11 और प. बंगाल में 2 डब्ल्यूएसए हैं।

## बौद्धिक दासता से मुक्त होकर विकसित भारत की यात्रा में सहभागी बनें: सुधांशु त्रिवेदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विख्यात वक्ता और भारतीय जनता पार्टी के सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का कहना है कि हमें बौद्धिक दासता से मुक्त होकर अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करना चाहिए। विश्व की अनेक सत्ताओं ने षड्यंत्र रचकर हमारे इतिहास को विकृति किया, लोगों के मन में बैठाने का प्रयास किया कि भारत में जो कुछ भी अच्छा हुआ, वह मुगलों या अंग्रेजों के द्वारा किया गया।
हम मैकाले और मार्क्स के रचित इतिहास से बाहर निकल रहे हैं और हम पाते हैं कि वे लुटेरे न केवल हमारी आर्थिक समृद्धि को लूटकर ले गए बल्कि हमें मानसिक रूप से भी गुलाम बना गए।

## मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** साकेत के सेशंस कोर्ट ने दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी करार दिए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर की सजा को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है।
एडिशनल सेशंस जज विशाल सिंह ने मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से दी गई सजा की अवधि और जुमार्ने की रकम के मामले पर 8 अप्रैल को सुनवाई करने का आदेश दिया। मेधा पाटकर को 8 अप्रैल को कोर्ट में तलब किया गया है। सेशंस जज ने 4 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान वीके सक्सेना की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से मेधा पाटकर को आत्मसमर्पण करने का निर्देश देने का आग्रह करते हुए कहा था कि पाटकर की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

## विश्व ऑटिज्म दिवस पर जागरूकता वॉक का आयोजन



**समावेश**

**पीड़ित व्यक्तियों की समझ, स्वीकृति और समावेश को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता वॉक का आयोजन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर बुधवार को सफदरजंग अस्पताल के भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास विभाग ने सुशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) से पीड़ित व्यक्तियों की समझ, स्वीकृति और समावेश को बढ़ावा देने के लिए ऑटिज्म जागरूकता वॉक का आयोजन किया। सफदरजंग अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, देखभाल करने वाले, छात्रों और ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के परिवारों ने भाग लिया। यह वॉक सफदरजंग अस्पताल से शुरू हुई और अस्पताल परिसर के प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शीघ्र निदान, चिकित्सा और सामुदायिक सहायता के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया गया। इस अवसर पर सफदरजंग अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संदीप बंसल ने न्यूरोडाइवर्जेंट व्यक्तियों का समर्थन करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "ऑटिज्म कोई दिव्यांगता नहीं है। अग्रणी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक के रूप में सफदरजंग जागरूकता फैलाने और यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों को वह देखभाल मिले, जिसके वे हकदार हैं। वीएमएमसी की प्रिंसिपल डॉ. गीतिका खन्ना ने कहा, "मेडिकल छात्रों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के साथ बातचीत करने और उनका समर्थन करने के लिए ज्ञान और संवेदनशीलता से लैस होना चाहिए। सहानुभूति और समझ को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं।"
सफदरजंग अस्पताल के पॉलीमायल्जिया रूमेटिका के विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ. अजय गुप्ता ने बहु-विषयक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया।

## एनएचएआई ने राजमार्ग निर्माण में जबर्दस्त प्रगति हासिल की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देश में राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास की दिशा में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जबर्दस्त प्रगति की है। प्राधिकरण ने इस दौरान निर्धारित 5,150 किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले 5,614 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया। यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में एनएचएआई द्वारा पूंजीगत व्यय 2,40,000 करोड़ रुपये के लक्ष्य व्यय के मुकाबले 2,50,000 करोड़ रुपये (अनंतिम) से अधिक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एनएचएआई द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में अब तक के इस सबसे अधिक पूंजीगत व्यय में सरकारी बजटीय सहायता और एनएचएआई के अपने संसाधन दोनों शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में 2,07,000 करोड़ रुपये की तुलना में कुल पूंजीगत व्यय में लगभग 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2022-23 में 1,73,000 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2024-2025 के दौरान एनएचएआई ने मुद्रीकरण के लिए तीन तरीकों का लाभ उठाया।

## सेवाभारती करेगी 'रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड' का आयोजन



**किशोरी विकास**

**मैराथन "रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड" का आयोजन किया जा रहा है। किशोरी विकास और महिला सशक्तीकरण है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सामाजिक संस्था सेवाभारती, दिल्ली द्वारा 13 अप्रैल को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक मैराथन "रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड" का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किशोरी विकास और महिला सशक्तीकरण है। इसमें सेवा बस्तियों की लड़कियों के साथ बॉलीवुड, व्यवसाय, खेल, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और सशस्त्र बलों से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में सेवाभारती के प्रांत अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने बताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ ही विश्वगुरु बनाना भी बहुत आवश्यक है। इस प्रयास में समाज का हर वर्ग जुड़े, इसके लिए सेवाभारती प्रयासरत है। "रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड" के माध्यम से समाज के वंचित वर्ग और संभ्रांत वर्ग को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में समाज का हर वर्ग महिला सशक्तीकरण और किशोरी विकास के उद्देश्य के लिए सम्मिलित होगा। सेवा भारती की सचिव और कार्यक्रम की संयोजक निधि आहूजा ने बताया कि यह आयोजन हम दिल्ली की सभी सेवा बस्तियों, प्रोफेशनल रनर्स और युवाओं को ध्यान में रखकर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के विभिन्न सेवाभावी व्यवसायियों को भी इसमें सम्मिलित होने का निमंत्रण भेजा गया है। सेवाभारती दिल्ली समूचे राज्य की सेवा बस्तियों में 132 किशोरी विकास केंद्र भी शुरू कर चुका है।

## मकोका मामले में दो आरोपितों की न्यायिक हिरासत 19 अप्रैल तक बढ़ी

**जांच**

**दिल्ली पुलिस ने जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की मांग की थी। दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेता नरेश बाल्यान से जुड़े मकोका मामले के आरोपितों रितिक पीटर, सचिन चिकारा की न्यायिक हिरासत 19 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया।
कोर्ट ने 1 मार्च को नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच की अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ा दी थी। नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच अवधि 3 मार्च को खत्म हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने 24 फरवरी को आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इससे पहले 4 जनवरी को मकोका से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने मामले में रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेजों की चार्जशीट दाखिल की थी। वसूली के मामले में दिल्ली पुलिस ने 4 दिसंबर, 2024 को नरेश बाल्यान को जमानत मिलने के बाद मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर, 2024 की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले भाजपा ने नरेश बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी की थी, जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और बाल्यान के बीच बातचीत थी। दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का ये मामला 2023 का है।

## भूमि नीलामी के विरोध में एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**मांग**

**हैदराबाद विश्वविद्यालय की भूमि राष्ट्र की शैक्षिक और पर्यावरणीय धरोहर है: छात्र संगठन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय सचिव श्रवण बी राज और शिवांगी खारवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर हैदराबाद विश्वविद्यालय की 400 एकड़ भूमि के अतिक्रमण और नीलामी के गंभीर मुद्दे पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार से इस भूमि को बचाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप कर विश्वविद्यालय को उसका अधिकार वापस दिलाने की मांग की है। इस संदर्भ में अभाविप ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर तेलंगाना सरकार की मनमानी और छात्रों की आवाज को दबाने के प्रयासों की कड़ी निंदा की। परिषद ने स्पष्ट किया कि शिक्षा और अनुसंधान के लिए समर्पित इस भूमि का निजी कंपनियों को सौंपा जाना न केवल अनुचित और निंदनीय है बल्कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी संतुलन को भी गहरी क्षति पहुंचेगी। यह भूमि न केवल शैक्षिक महत्व रखती है, बल्कि अपने समृद्ध जैवविविधता के कारण एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय धरोहर भी है। यहां अनेक दुर्लभ प्रजातियों का प्राकृतिक आवास है, जिनके अस्तित्व पर संकट मंडराएगा। इस भूमि का विनाश जैविक तंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा, जिससे जलवायु संतुलन, वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हैदराबाद विश्वविद्यालय की यह भूमि केवल एक भूखंड नहीं बल्कि एक शैक्षणिक और पारिस्थितिक धरोहर है, जिसे किसी भी स्थिति में नष्ट नहीं होने दिया जाएगा। जब अभाविप कार्यकताओं और छात्र समुदाय ने इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई तो तेलंगाना पुलिस ने विश्वविद्यालय प्रशासन की अनुमति के बिना जबरन परिसर में घुसकर छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। यह न केवल छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है बल्कि विश्वविद्यालय की स्वायत्तता पर भी सीधा प्रहार है।
अभाविप ने मांग की कि केंद्र सरकार हस्तक्षेप कर इस 400 एकड़ भूमि को तुरंत विश्वविद्यालय को लौटाए और पूरे 2320 एकड़ भूमि का आधिकारिक हस्तांतरण सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण की संभावना समाप्त हो सके। इस विषय पर अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खारवाल ने कहा कि हैदराबाद विश्वविद्यालय की भूमि राष्ट्र की शैक्षिक और पर्यावरणीय धरोहर है, इसे निजी कंपनियों को सौंपना छात्रों के अधिकारों पर कुठाराघात है। अभाविप कोई समझौता नहीं करेगी और यदि आवश्यक हुआ।

# शाहबाद शुगर मिल गन्ना उत्पादकों के लिए साबित हो रही है वरदान: कंवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि शाहबाद शुगर मिल गन्ना उत्पादकों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस मिल में गन्ना लाने वाले हजारों किसान खुश है और मिल प्रबंधकों की तरफ से तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इतना ही नहीं किसानों और अधिकारियों के प्रयासों से शुगर मिल कई अवार्ड भी हासिल कर चुकी है।जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर बुधवार को शाहबाद शुगर मिल में किसानों, अधिकारियों व स्टाफ के सदस्यों के साथ बातचीत कर रही थी। इससे पहले जिप



चेयरमैन कंवलजीत कौर ने शाहबाद शुगर मिल का अवलोकन किया। इस दौरान शाहबाद शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक विरेन्द्र चौधरी ने शाहबाद शुगर मिल के हर कक्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों द्वारा मिल में गन्ने के साथ प्रवेश करने से लेकर चीनी बनाकर मार्किट तक भेजने के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही किसानों और अधिकारियों के प्रयासों से शाहबाद शुगर मिल द्वारा अब तक हासिल की गई तमाम उपलब्धियों और अवार्ड के बारे में जानकारी दी

**सुविधाएं**

**हजारों किसान खुश है और मिल प्रबंधकों की तरफ से तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही**

है। जिप चेयरमैन ने किसानों और अधिकारियों से शाहबाद शुगर मिल को लेकर सीधा संवाद किया और किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसान देश के अन्न दाता है। इन किसानों की मेहनत के कारण ही गन्ने की उपज पैदा होती है और इस गन्ने से चीनी और अन्य उत्पाद पैदा होते है। जिनका सेवन हर नागरिक कर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के प्रयासों से गन्ना उत्पादकों को निर्धारित समय के अंदर फसल का भुगतान किया जा रहा है और किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। इस मिल ने किसानों के कारण ही हरियाणा ही नहीं पूरे देश में अपनी एक पहचान बनाई है। शुगर मिल के एमडी विरेन्द्र चौधरी ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों के कारण ही शाहबाद शुगर मिल लगातार उपलब्धियों की ओर अग्रसर है।

# सभी नागरिकों की समस्याओं का हो रहा है समाधानः अमन कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने कहा कि उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार से लेकर शुक्रवार तक लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका मौके पर समाधान करने के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में रोजाना करीब 40 से ज्यादा नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे है और इन सभी नागरिकों की समस्याओं का समाधान एक छत के नीचे किया जा रहा है,क्योंकि इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते है। उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए




समाधान शिविर में बोल रहे थे। इससे पहले एसडीएम अमन कुमार ने विभिन्न विभागों और क्रिड विभाग से सम्बन्धित 32 समस्याओं को सुना और इनमें से 25 समस्याओं का मौके पर समाधान किया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

एसडीएम अमन कुमार ने कहा कि इस शिविर में कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अपनी समस्या अधिकारियों के समक्ष रख सकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहा है। इन समाधान शिविरों के माध्यम से कोई भी नागरिक किसी भी विभाग से सम्बन्धित समस्या को रख सकता है।

## न्यूज फ्लैश

### माता भूरे भवानी मंदिर में माँ ब्रह्माचारिणी की हुई पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।** चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन द्वितीय और तृतीय तिथि एक होने पर माता भूरे भवानी मंदिर सीसोठ में दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्माचारिणी और तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा की गई। मंदिर के महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्रि के दूसरे दिन देवी दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है, जो कि त्रिगुण ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी मानी जाती हैं। कठोर साधना करने के कारण और ब्रह्म में लीन रहने के कारण कठोर ब्रह्मचारिणी कहा जाता है। नवरात्र के दूसरे दिन साधक का मन स्वाधिष्ठान चक्र में स्थित होता है। माँ ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की। माँ दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की आराधना की गयी। मां की आराधना ॐ देवी चंद्रघंटायै नमः का जाप करें। माता चंद्रघंटा को सिन्दूर, अक्षत, गंध, धूप, पुष्प से सुरक्षित करें। समिति के प्रधान संदीप यादव व समिति के सदस्य मुकेश चौहान ने बताया कि मंदिर में महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन शाम को आरती की जाती है। सिद्ध पीठ मां भूरे भवानी के दरबार में नियमित अखंड ज्योत जल विद्यमान हैं। राष्ट्रों में प्रातः-शाम दोनों समय सैकड़ों की संख्या में अंतिम पूजा पाठ करते आ रहे हैं। महेंद्रगढ़ शहर और आसपास के गांव से झंडा लेकर महिलाएं माता रानी की जय जय कार करते हुए मंदिर में पहुंच रही हैं। महंत शक्ति नाथ महाराज एवं मंदिर समिति द्वारा मंदिर में बहुत ही सुंदर लाइटिंग लगाकर एवं सजावट की गई है। इसके अलावा शाम चार बजे ग्रामीण महिला प्रतिदिन भजन करके मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाती है।

### रोगियों की आशाओं पर सदैव खरा उतरेगा फिम्स: आरपीजैन



**सोनीपत, 2 अप्रैल:** क्षेत्र की जनता - आपका शुक्रिया ...। आपके दृढ विश्वास, स्नेह और अपनत्व के कारण जहां हम आज अपनी कामयाबी का 10वां वार्षिक उत्सव मना रहे हैं, वहीं फिम्स ने इन 10 वर्षों में क्षेत्रवासियों की भलाई के लिए दिन-रात एक करके, अपनी असाधारण उपलब्धियों के कारण ही इस एन0 सी0 आर0 क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा एंव अध्यन संस्थान बनने में सफलता पाई है। ये उदगार फिम्स के चेयरमैन आर0 पी0 जैन ने बुधवार को दीप प्रज्जवलित करके वार्षिक उत्सव में व्यक्त किए। उन्होने कहा कि हमे अपने अनुभवी चिकित्सकों, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों, मेडिकल व पैरा-मेडिकल स्टॉफ पर बेहद गर्व है, जो अपना खून पसीना एक कर-के रोगियों की शारीरिक दिक्कतों को पहचान कर, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे। भविष्य में भी फिम्स, रोगियों की आशाओं पर खरा उतरेगा। फिम्स के प्रबंध निदेशक - रजत जैन ने जनसहयोग से, 10 वर्षों में अर्जित उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए कहा कि फिम्स में ऐसी-ऐसी दुर्लभ मशीनें और संयंत्र लगाये गये जो आस-पास के किसी भी अन्य अस्पताल में उपलब्ध नही थें। सोनीपत क्षेत्रवासियों को होने वाली भारी असुविधा को देखते हुए सोनीपत में ही न्यूरो-माईक्रोस्कोप, फिलिप्स कैथलैब व स्पैशल ऑनको वार्ड जैसी अनेक सुविधाओं की उपलब्धता ने फिम्स को प्रसिद्धि की उन ऊचांईयों पर पहुंचाया, जहां इसका कोई सानी नही है। क्रिटिकल केयर की चर्चा करते हुए एम0 डी0 ने कहा कि अन्य अस्पतालों द्वारा नकारे गए अनेक आपातकालीन केसों में अत्याधुनिक तकनीक से सर्जरियाँ करके, बिना ऑप्रेशन दिल की ब्लॉक नसों को खोलकर, बिना सर्जरी के अनेक आधुनिक उपकरणों की सहायता से ईलाज करके व टयूमर और कैन्सर के गंभीर रोगों से प्रभावित रोगियों को नया जीवन दिया गया। इतना ही नही, फिम्स ने लगभग 600 से ज्यादा मेडिकल व पैरा मेडिकल स्टॉफ को प्रत्यक्ष रोजगार तथा अस्पताल व्यवस्था से जुडें 500 से ज्यादा परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देने में भी सफलता पाई है।

# 'लोगो मेकिंग प्रतियोगिता' का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**आई.बी. (पीजी)** महाविद्यालय में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'लोगो मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय "व्यावसायिक लोगो व बैंकिंग लोगो" रहा। प्रतियोगिता में कक्षा के लगभग 10 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कनिष्का द्वितीय स्थान पर रहीं, यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और स्नेहा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से



विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता को भी बढ़ावा मिलता है। और इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चे आने वाले समय में जो लोगो की डिमांड बढ़ती जा रही है उसके प्रति आकर्षित होते हैं क्योंकि जितना लोगो अच्छा होता है उतना ही वह ग्राहकों को आकर्षित करता है और जिस से व्यवसाय बढ़ता है। आज लोगो डिजाइन इंडस्ट्री की बहुत ज्यादा मांग है आप लोगो डिजाइन में अपना करियर बना सकते हो । वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं उनके व्यावसायिक और रचनात्मक विकास में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने

**बधाई दी**

**वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने भी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी**

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन बीकॉम प्रथम वर्ष की मेंटोर रितिका जताना द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन और विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने की योजना बनाई गई है।

# जिले में सरसों की 20792.8 क्विंटल हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मण्डियों में सरसों की आवक का कार्य तेजी से हो रहा है। किसान मण्डियों में अपनी सरसों की फसल को लेकर पहुंच रहे हैं। साथ ही साथ मण्डियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीददारी भी की जा रही है। जिले में हरियाणा स्टेट वेयर हाऊस व हैफैड द्वारा खरीददारी की जा रही है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 20792.8 की कुल आवक हुई है। 19786.1 क्विंटल की खरीद का

**कार्य**

**जानकारी देते हुए बताया कि जिले की मण्डियों में सरसों की आवक का कार्य तेजी से हो रहा है**

कार्य हुआ है।

उन्होंने बताया कि पानीपत मण्डी में 8334.8 क्विंटल की आवक हुई है व 8187 की खरीद हुई है। मडलौडा मण्डी में 4729.9 क्विंटल की आवक हुई है व 4670 क्विंटल खरीद हुई है।

# माता मसानी मंदिर में अखंड ज्योत स्थापना कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** शहर के माता मसानी मंदिर में सुबह आठ बजे अखंड ज्योत स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी प्रधान चर्चित चेतन राव ने बताया कि जम्मू कश्मीर के माता ज्वाला मंदिर से अखंड ज्योत लेकर नौ सदस्यीय टीम रवाना हो चुकी है। सुबह मंत्र उच्चारण के साथ अखंड ज्योत स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे और मंगल गीतों के साथ अखंड ज्योत को स्थापित किया जाएगा। यह कार्यक्रम माता मसानी मंदिर में आयोजित किया जाएगा।

# नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोग ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही है। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने सुबह लाडवा हल्के के खानपुर कोलियां में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में,




एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल युनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है। आज खान?पुर कोलियां के शिविर में 212 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 20 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए।

# जिला लोक संपर्क एवं कष्टद्द निवार समिति की बैठक 4 को होगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री राजेश नागर की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 4 अप्रैल को दोहपर 12 बजे नया सचिवालय के भू-तल स्थित सभागार में आयोजित होगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में मंत्री राजेश नागर के सामने विभिन्न विभागों से संबंधित 17 मामले रखे जाएंगे। इन मामलों में अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय,

# आर्य के खिलाड़ियों ने पेचक सिलाट प्रतियोगिता में जीती ओवर ऑल ट्रॉफी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**कुरूक्षेत्र** विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के शानदार खेल की बदौलत ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। आज कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व कॉलेज के प्राध्यापकों ने विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर मिठाई खिलाकर स्वागत सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के नवनियुक्त विभागध्याक्ष डॉ. राजेश टूर्ण व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कॉलेज की प्रबंधक समिति के महासचिव सीए कमल किशोर ने



अपने बधाई में इस शानदार जीत पर पूरे आर्य कॉलेज को बधाई दी व अपने होनहार खिलाडियों पर यह भरोसा जताया कि ये खिलाडी भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी और अच्छा प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल को केयुके के तत्वावधान में विश्वविद्यालय के प्रांगण में पेचक सिलाट इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में पेचक सिलाट फाईट में पांच गोल्ड व पांच सिल्वर प्राप्त किए वहीं इवेंट में दो गोल्ड व दो सिल्वर अपने नाम करते हुए ओवर आल ट्रॉफी पर कब्जा किया। उन्होंने बताया कि फाईट में कुमरी माफी

**शानदार**

**प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खेल की बदौलत ओवर ऑल ट्रॉफी जीत कर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया**

ने गोल्ड, कुमारी खुशबू ने गोल्ड, हर्षिता ने गोल्ड, रूप किशार गोल्ड , मोहित ने गोल्ड मेडल जीता। साथ ही नीरज, मनीष, युवराज ने सिल्वर मेडल जीता। वहीं रेगु इवेंट में ,माफी,खाशबू व शीतल ने गोल्ड व गांडा इवेंट में माफी व खुशबू ने गोल्ड मेडल जीता। लडकों ने गांडा इवेंट में रितिक व रूप किशोर ने गोल्ड मेडल जीता।

# पानीपत में ससुराल वालों ने बहू को जहर देकर मारने की कोशिश

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत।** पानीपत स्थित नलवा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या की कोशिश की। मां-बेटे ने महिला को जबरन जहर की छह गोलियां खिला दी। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। महिला को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। महिला ने बताया कि दोनों ने लव मैरिज की थी। पत्नी का आरोप है कि उसके पति के दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं। विरोध करने पर उसकी हत्या का प्रयास किया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चांदनी बाग थाना पुलिस को दी शिकायत 25 वर्षीय ज्योति ने बताया कि वह ऊझा गेट, नलवा कॉलोनी की रहने वाली है। उसकी 9 मई 2017 को सुनील के साथ लव मैरिज हुई थी। उनके एक बेटा व एक बेटी की है। शादी के बाद से ही उसका पति अक्सर उसके साथ झगड़ा करता है। उसकी सास शशी व पति उसके साथ मारपीट करते। इसी के बीच 30 मार्च को उसकी सास शशी ने उसका मुंह पकड़ लिया और पति सुनील ने मुंह में जहर की 5-6 गोलियां डाल दी। जिससे कुछ देर बाद वह बेहोश होकर नीचे गिर गई। इसी दौरान उसकी मां अनीता उससे मिलने पहुंची, तो उसने हालात देखे व उसे तुरंत वहां से सिविल अस्पताल ले गई

# शहर में जल्द ठीक होंगे सीसीटीवी कैमरे: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि शहर में ट्रैफिक,कानून व्यवस्था के साथ अब स्वच्छता पर भी सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। इन कैमरों में कैद होने वाले नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा भारी भरकम जुमार्ना भी किया जा सकता है। इस शहर के 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को जल्द से जल्द ठीक करने के आदेश नगर परिषद के अधिकारियों को दिए गए है। इतना ही नहीं इन अधिकारियों को समय अवधि भी निर्धारित करने के लिए कहा है। उपायुक्त नेहा सिंह बुधवार को देर सायं लघु सचिवालय के सभागार



में कन्ट्रोल का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने लघु सचिवालय में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया और कन्ट्रोल रूम में लगाई गई एलईडी स्क्रीन पर काम कर रहे एक-एक सीसीटीवी कैमरे को चैक किया। इस चैकिंग के दौरान पाया कि करीब 20 कैमरे सुचारू रूप से काम कर रहे थे और बाकी कैमरे बंद थे। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त आदेश दिए कि आगामी कुछ दिनों

**लापरवाही नहीं**

**नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा भारी भरकम जुमार्ना भी किया जा सकता है**

में बंद पड़े कैमरों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। इस मामले में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।
उपायुक्त ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के ठीक होने के बाद शहर की स्वच्छता पर नजर रखी जाएगी। जो भी व्यक्ति सडकों पर कचरा फैंकते हुए कैमरों में कैद हो गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना भी किया जाएगा। इस विषय के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को पूर्णतया मुस्तैद रहने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से जहां कानून व्यवस्था बनाएं रखने पर नजर रखी जाएगी वहीं शहर में बिना हेलमेंट पहनने वाले, तेज रफ्तार से चलाने वाले वाहन चालकों अन्य ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के ऑनलाइन चालान भी किए जाएंगे। इनका कन्ट्रोल रूम लघु सचिवालय में होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करे। सभी मिलकर शहर को स्वच्छ बनाएं।

# मारुति सुजुकी और हरियाणा सरकार के बीच हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत,** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने सरकारी आईटीआई जुआं के भवन में सोनीपत का दूसरा जेआईआईएम ( जापान इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग) स्थापित करने के लिए मारुति सुजुकी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयु) पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत जुआं के द्वारा मारुति सुजुकी के साथ सार्वजनिक-निजी




भागीदारी (पीपीपी) के अंतर्गत 15 वर्षा के लिए आईटीआई जुआं की बिल्डिंग को जेआईआईएम चलाने के लिए मारुती सुजुकी की दी गई है। अब मारुति खरखौदा प्लांट के लिए आवश्यक कुशल वर्कर को खुद तैयार करेंगा। मारुति इस संस्थान में सभी ट्रेड़ इकाइयों को दोहरे मोड में संचालित करेंगी।

# निषादराज गुहा के जन्मोत्सव पर योगी देंगे समरसता का संदेश

## तीन अप्रैल को मनाएं श्रृंगवेरपुर नरेश महाराजा निषादराज का जन्मदिन: पियूष रंजन निषाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रृंगवेरपुरः मर्यादा**पुरूषोत्तम भगवान राम के बाल सखा श्रृंगवेरपुर नरेश महाराजा निषादराज गुह्य के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आजादी के बाद पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेगे। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों की उपेक्षा के कारण पावन नगरी श्रृंगवेरपुर का इतिहास समय के साथ गर्त में डूबा रहा। यह बातें बुधवार को सर्किट हाउस में मीडिया से वार्ता करते हुए भाजपा विधायक पियूष रंजन निषाद, गुरु प्रसाद मौर्य एवं दीपक पटेल ने कही। उन्होंने प्रयागराज वासियों तथा आसपास के जनपदों से अपील किया है कि ऐसे ऐतिहासिक पल पर पहुंचे। त्रेतायुग में पावन धरती श्रृंगवेरपुर से भगवान राम निषादराज गुह्य को गले लगाकर पूरे विश्व को समरसता का संदेश दिया था। देश वासियों से अपील है कि नवरा?त्र पंचमी के मौके पर निषादराज गुह्य का जन्मदिन मनाएं। पियूष रंजन निषाद ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान है। त्रेतायुग में भगवान राम ने समरसता का संदेश दिया था, अब उप्र के मुख्यमंत्री योगीआदित्यनाथ नवरात्रि पंचमी को समरसता का बड़ा संदेश देने के लिए 3 अप्रैल को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचेगे। तीर्थराज प्रयाग से लगभग 45 किलोमीटर दूरी पर स्थित पावन नगरी श्रृंगवेरपुर धाम इतिहास विश्व विदित है। यह वही भूमि है जहां मां गंगा के तट पर माता शांता एवं श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि एवं आश्रम था। यह वही स्थान है



**अपील की**

**⏩ वभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए इस मौके पर जनपद वासियों से पहुंचने की अपील किया है।**

वन गमन के करते हुए भगवान राम, माता सीता और छोटे भाई लक्ष्यण के साथ एक रात विश्राम किया और दूसरे दिन नौका से गंगा को पार किया था। श्री निषाद ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरती पर पहली बार वर्ष 2014 में परेड मैदान में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज को महाराजा निषादराज गुह्य की धरती कहकर कई बाद संबोधित किया था। जिसके बाद केन्द्र की मोदी सरकार की प्राथमिकता में श्रृंगवेरपुर धाम को रखा गया और 51 फिट की ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा निषादराज में लगाई गई। इस धाम का पर्यटन की दृष्टि से विकास शुरू हो गया। उत्तर प्रदेश में योगी की सरकार बनते ही मछुआरा समाज को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई। जिसका लाभ निषादराज समाज को दिया जा रहा है।

इस तरह विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए इस मौके पर जनपद वासियों से पहुंचने की अपील किया है। विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने पूर्ववर्ती सरकारों पर तीखा प्रहार करते कहा कि योगी सरकार में श्रृंगवेरपुर धाम का चौमुखी विकास किया जा रहा है।

# हीट वेव व आगजनी से बचाव के लिए सात दिनों में तैयार कर लें रिपोर्ट: डीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहपुरः ग्रीष्म** कालीन मौसम में लू और आगजनी से बचाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को लू प्रबंधन और आगजनी से बचाव के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से हीट वेव थ्रेसहोल्ड के बारे में जारी गाइडलाइन को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हीट वेव व आगजनी से संबंधित प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन को लेकर सभी अधिकारियों अभी से जुट जाए। आने वाले सात दिनों के अंदर सभी



विभाग हीट वेव व आगजनी की कार्ययोजना तैयार कर लें और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये, ताकि इन सभी को एक साथ एकत्र कर उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भेजा जा सके। इस अवसर पर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से हीट वेव जागरूकता पोस्टर का जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी बिंदकी और खागा, तहसीलदार सदर, उपायुक्त मनरेगा, नोडल अधिकारी पुलिस पुलिस, जिलापूर्ति अधिकारी, जिला आपदा विषेशज्ञ एवं अन्य जिला अधिकारियों ने अनावरण भी किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### फॉस्टरिंग ए ग्रीन फ्यूचर प्रोजेक्ट का दूसरा चरण शुरू किया

**कुरुक्षेत्र ।** फ्लिपकार्ट समूह की परोपकारी इकाई फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने ग्रामीण विकास के लिए कार्यरत संगठन एस एम सहगल के साथ मिलकर अपने प्रोजेक्ट ह्यफॉस्टरिंग ए ग्रीन फ्यूचर झ्र एम्पावरिंग चिल्ड्रेन एंड वीमेन विद इको कन्सियसनेसह्ल (हरित भविष्य को बढ़ावा पर्यावरण के प्रति सजगता के साथ बच्चों एवं महिलाओं का सशक्तीकरण) का दूसरा चरण लॉन्च किया है। पहले चरण में इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 60 गांवों में 2,200 महिलाओं समेत 4,650 से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने में सफलता मिली थी। इससे पर्यावरण के



अनुकूल कृषि प्रक्रियाओं, जल संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली। दूसरे चरण का लक्ष्य इसी गति को बनाए रखना है। इसके माध्यम से लोगों की सहभागिता को और बढ़ाया जाएगा और पर्यावरण अनुकूल प्रयासों की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट की वाइस प्रेसिडेंट झ्र कॉरपोरेट अफेयर्स सारा गिडियोन ने कहा, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन में हमारा विश्वास है कि सतत बदलाव की शुरूआत जमीनी स्तर से होती है, जिसमें समाज सिर्फ भागीदार की तरह काम न करे, बल्कि बदलाव का सक्रिय वाहक बनकर सामने आए। एस. एम. सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर, हम बच्चों और महिलाओं को जिम्मेदार तरीकों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन प्रदान कर रहे हैं। हमारा ध्यान जागरूकता को कार्य रूप में बदलने पर है, ताकि सतत विकास कोई विकल्प नहीं बल्कि जीवन का एक तरीका बने। यह साझेदारी उसी विजन की ओर एक कदम है, जहां जागरूक समुदाय हरित और अधिक सशक्त भविष्य के केंद्र में हैं। इस पहल को हरियाणा में कैथल व कुरुक्षेत्र जिलों के 40 गांवों में लागू किया जाना है। इसका उद्देश्य बच्चों एवं महिलाओं को समाज द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के बारे में शिक्षित करना है। इसमें जलवायु परिवर्तन, सतत कृषि प्रक्रियाओं, मिट्टी की सेहत और जल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। समाज के इन प्रमुख हितधारकों को जोड़ते हुए इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य पर्यावरण पर स्थायी प्रभाव डालना और महिलाओं एवं बच्चों को अपने घर एवं बाहर बदलाव के वाहक के रूप में सशक्त बनाना है।

### मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक में शानदार शुरूआत की

**करनाल ।** मैक्स फैशन ने लैक्मे फैशन वीक x FDCI के 25वें एडिशन में एक साहसिक और परिवर्तनकारी शुरूआत की, जिसमें उनकी प्रेरणा कल्कि केकलाँ थीं। इस क्षण ने भारतीय फैशन में एक महत्वपूर्ण बदलाव को चिह्नित किया, मैक्स फैशन ने देश के सबसे प्रतिष्ठित रनवे में से एक पर हाई-स्ट्रीट स्टाइल को फिर से परिभाषित किया। यह महज एक रनवे क्षण नहीं था, बल्कि यह एक सांस्कृतिक मूल्यांकन था - एक बयान कि वैश्विक फैशन हर किसी के लिए है, जिसमें ऐसी शैली अपनाई जाती है जो सुलभ हो, ट्रेंड के साथ चलने वाली हो, जिसे आसानी से पहना जा सके। अपने सिसिलियन समर और अमाल्फी एस्केप कलेक्शन्स के लॉन्च के साथ, मैक्स फैशन ने न केवल हाई-स्ट्रीट फैशन को पुनर्परिभाषित किया बल्कि इसने एक मंच तैयार करके दिया जिससे लाखों लोगों की आकांक्षा सुलभ हो गई। मैक्स की उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख पल्लवी पांडे कहती हैं, मैक्स फैशन की लैक्मे फैशन वीक में शुरूआत सिर्फ.एक मील का पत्थर नहीं है; यह एक ब्रांड के तौर पर हमारी पहचान की एक सशक्त पुष्टि है। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि फैशन सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। कल्कि केकलाँ को अपनी प्रेरणा मानते हुए, हम स्टाइल को आत्म-अभिव्यक्ति के एक ऐसे रूप के रूप में मना रहे हैं जो सभी का है। यह शुरूआत लाखों लोगों के लिए ट्रेंड-ड्रिवन फैशन उपलब्ध कराने के बारे में है, चाहे वे स्टोर में खरीदारी करें या ऑनलाइन। यह स्टाइल, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का जश्न है। मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चाँदना ने कहा, "यह शुरूआत हमारे विकास में अगला बड़ा कदम है। मैक्स फैशन हमेशा से सभी के लिए बेहतरीन फैशन उपलब्ध कराने के बारे में रहा है - चाहे वह हमारे 520 से अधिक स्टोर के माध्यम से हो या हमारी बढ़ती ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से। लैक्मे फैशन वीक फैशन को केवल आकांक्षा के बारे में नहीं, बल्कि सब तक इसकी पहुँच और समावेशिता बनाने के हमारे दृष्टिकोण का एक स्वाभाविक विस्तार है।

## शराब के पैसे न मिलने पर पति ने पत्नी की ईंट से कूचकर की हत्या

**जौनपुरः रामपुर** थाना क्षेत्र में बुधवार को एक युवक ने शराब के लिए पैसे न देने पर अपनी पत्नी की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। कोटीगांव निवासी बच्चन गौतम शराब पीने का आदी है। वह रोजाना शराब पीकर घर आने पर अपनी पत्नी मंजू देवी से झगड़ा करता था। परिजनों के मुताबिक, बुधवार दोपहर मंजू देवी घर से पांच सौ मीटर दूर जीतापुर गांव में गेहूं की कटाई कर रही थी। पति बच्चन खेत पर पहुंचा और पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। उसने कहा कि वह अभी पैसे लेकर नहीं आई है, घर जाकर दे देगी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

# ज्ञानवापी परिसर स्थित श्रृंगार गौरी के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः चैत्र** नवरात्र के चौथे दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर स्थित माता श्रृंगार गौरी के दर्शन पूजन के लिए विभिन्न संगठनों के साथ श्रद्धालु महिलाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वर्ष में सिर्फ एक दिन के लिए खुलने वाले माता के दरबार में दर्शन पूजन के लिए मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी महिलाओं व हिंदू पक्ष के पैरोकार,अधिवक्ताओं के साथ ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के कार्यकर्ता भी पहुंचे। दरबार में श्रद्धालु महिलाओं ने विधि विधान से माता का दर्शन कर श्रृंगार सामग्री अर्पित कर उनसे सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। इसके पहले



वादिनी महिलाओं के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के नेतृत्व में मैदागिन स्थित गोरखनाथ मठ मां श्रृंगार गौरी की पूजा के लिए शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। इसमें चारों वादिनी महिलाएं भी शामिल हुई। श्रृंगार गौरी केस के मुख्य अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पत्रकारों को बताया कि हम मां श्रृंगार गौरी के दर्शन के लिए जा रहे हैं। उनके चरणों में हम कामना करेंगे कि जो न्यायालय में संघर्ष

**जत्था**

**⏩ हिंदू पक्ष के पैरोकार,अधिवक्ताओं के साथ ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के कार्यकर्ता भी पहुंच**

चल रहा है, उसमें विजय प्रदान करें। इसी क्रम में ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के जत्थे ने भी माता रानी की आरती उतारी। इस दौरान ज्ञानवापी परिसर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए। श्रद्धालुओं को सत्यनारायण मंदिर और विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार-बी से सुबह 8.30 बजे से प्रवेश दिया गया। दर्शन पूजन में महिला दर्शनार्थियों को वरीयता दी गई, जिससे उनकी लाइन आगे रही। ज्ञानवापी मुक्ति महापरिषद के बैनर तले श्रद्धालुओं का दल कलश में गंगा जल लेकर मंदिर में पहुंचा। 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी उद्घोष, शंखनाद, डमरू वादन और मंत्रोच्चार से पूरा धाम परिक्षेत्र गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने मां श्रृंगार गौरी की प्राचीन प्रतिमा के टूटे पत्थरों पर सिंदूर और चंदन का लेपन किया। इसके बाद पुष्प और नैवेद्य अर्पित किया। पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के साथ माता की आराधना की। इसी क्रम में चौक चित्रा सिनेमा के पास से भी श्रद्धालुओं की भीड़ गुलशन कपूर के नेतृत्व में दर्शन पूजन के लिए ज्ञानवापी पहुंचा।

# बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने उठाई युवक की मौत पर सीबीआई जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़ः तरवा** थाना क्षेत्र में दलित युवक की शौचालय में हुई संदिग्ध मौत के मामले बुधवार को बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के नेतृत्व में पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। परिजनों को सांत्वना देने के बाद प्रतिनिधिमंडल की ओर से कहा गया कि युवक ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसकी हत्या हुई है। सरकार घटना की सीबीआई जांच, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजा दे। प्रतिनिमण्डल के सदस्यों ने कहा कि बसपा के लोग पीड़ित परिजनों के साथ हैं। न्याय के लिए वह जो भी कदम उठाने होंगे वो उठाएंगे। बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्नाथ पाल ने कहा कि घटना काफी दुःखद है। किसी भी मामले में अगर पुलिस पकड़कर ले गई तो उसे चालान करना चाहिए था। पुलिस ने युवक को 29 मार्च को उठाया और 30 मार्च तक चालान नहीं किया। परिजन जब 10 बजे भोजन लेकर थाने पहुंचे तब तक वो ठीक था। 31 मार्च की सुबह उसकी मौत की जानकारी परिजनों को दी गई। प्रदेश अध्यक्ष ने पुलिस की कहानी पर सवाल उठाए और कहा कि 70-75 किलो वजन का युवक पैजामे के नाड़े से कैसे फांसी लगा सकता है। उन्होंने कहा किपरिजनों से बात हुई है वो इसे हत्या बता रहे हैं। मृतक युवक अपने मां-बाप का इकलौता सहारा था। उसकी दो बहनें हैं, जिसमें एक दिव्यांग है। हमारी सरकार से मांग है कि घटना की सीबीआई जांच की जाए, क्योंकि पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में एससी एसटी, पिछड़ा वर्ग और गरीब तबके के साथ ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## लुधियाना के दो आरोपित 25 लाख के गांजा समेत गिरफ्तार

**झांसी**

**जिले** में स्वाट और बड़ागांव पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 लाख कीमत की गांजा समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक कुंतल 13 किलो अवैध गांजा बरामद की गई है, जिसे ट्रक की चेचिस के अंदर बनाए चेचिस की खाली जगह में छुपाकर रखा गया था। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार कोबताया कि चेकिंग के दौरान उड़ीसा से टाटा 407 ट्रक की चेचिस के ऊपर चेचिस बनाकर छिपाई गई भारी मात्रा में गांजा ले जा रहे दो लोगों को स्वाट टीम और बड़ागांव थाना पुलिस ने पारीछा के पास से दबोचा है। पुलिस ने ट्रक की चेचिस के

# मुरादाबाद में दो जगहों पर बनाए जाएंगे स्टड

## शासन ने 2.44 करोड़ रुपये मंजूर किए, माह के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा काम



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबादः जिले** के बीरपुर बरियार को रामगंगा नदी और ग्राम जैतपुर बिसाहट को कोसी नदी के कटान से बचाने के लिए स्टड (बांध रूपी संरचना) बनाए जाएंगे। इसके लिए उप्र शासन ने 2.44 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए हैं। अप्रैल माह के पहले सप्ताह में बाढ़ खंड इस कार्य को शुरू करा देगा। इन कामों से हजारों लोगों को बरसात के दिनों में बाढ़ के खतरे से राहत मिलेगी। पिछले साल बरसात के दौरान उफनाई कोसी नदी ने ग्राम जैतपुर विसाहट में सड़क, खेतों को बड़ी क्षति पहुंचाई थी। आबादी इलाके में भी पानी घुस गया था, जिससे महीनों तक लोगों को परेशानी हुई थी। यहां नदी और आबादी के बीच सिर्फ 20 मीटर का फासला रह गया है। वहीं रामगंगा नदी भी कटान करते हुए ग्राम बीरपुर बरियार तक पहुंच गई थी।

बाढ़ खंड की ओर से बरसात के बाद बचाव कार्य का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन से बचाव कार्य के लिए 2.44 करोड़ रुपये मंजूर कर दिए हैं। विभागीय अधिकारियों ने बचाव कार्य को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं और जल्द ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा। जिला बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता राजेश गंगवार ने बुधवार को बताया कि तहसील सदर में रामगंगा नदी के बायीं ओर स्थित ग्राम बीरपुर बरियार में कटाव निरोधक कार्य के लिए 1.39 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत 500 मीटर लंबाई और 18 मीटर चौड़ाई में लांचिंग एप्रन का निर्माण किया जाएगा। इसमें 17 मीटर चौड़ाई में दो लेयर में जियो बैग बिछाए जाएंगे।

# मेडिकल कॉलेज में 10 करोड रुपए से खरीदी जाएंगी 39 जांच मशीनें

## डीजीएमई ने दी स्वीकृति, इन मशीनों से जल्द शुरू होंगी जाँच

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्याः दर्शननगर** स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज भी आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रहा है। हाल ही में इस मेडिकल कॉलेज के लिए बड़े बजट को मंजूरी मिली है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जगी है। मेडिकल कॉलेज के उन्नयन के लिए डायरेक्टर जनरल ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीजीएमई) ने 9.84 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से 39 अत्याधुनिक जांच मशीनों की

**मंजूरी**

**⏩ ढांचे को मजबूत कर रहा है। हाल ही में इस मेडिकल कॉलेज के लिए बड़े बजट को मंजूरी मिली है**

खरीदारी की जाएगी। इन मशीनों के संचालन के बाद मेडिकल कॉलेज में छोटी-मोटी बीमारियों से लेकर गंभीर रोगों की जांच संभव हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि इसी वित्तीय वर्ष में इन मशीनों की खरीदारी पूरी कर जांच प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस पहल से न केवल अयोध्या बल्कि आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। अभी तक गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लोगों को बड़े शहरों या निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि इसका प्रस्ताव भेजा गया था, जो मंजूर हो गया है। कोशिश है कि जल्द से जल्द आधुनिक जांचें शुरू कर दी जाएं।

**टीएमटी, पेरिमीटर व एंडोस्कोपी भी होगी संभव**

39 जांच मशीनें ऐसी हैं, जिनके संचालन के बाद मरीजों को महानगरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मेडिसिन विभाग को टीएमटी मशीन मिलेगी।

यह ट्रेड मिल की तरह होती है, जिस पर हार्ट के मरीजों की जांच होती है। वहीं एंडोस्कोपी की भी व्यवस्था शुरू होगी। नेत्र विभाग भी काफी मजबूत होने जा रहा है। इस विभाग में पेरिमीटर (एचएफए), स्लिट लैप विथ कैमरा, क्रियो यूनिट, यग लेजर विथ अब्राहम लेंस, ओसीटी व अल्ट्रासाउंड बी स्कैन की व्यवस्था होने जा रही है।

# 10 लाख लाभार्थियों ने दूसरे राज्यों में कराई अपनी ई-डिजिटल तकनीक से भ्रष्टाचार मुक्त हुई राशन वितरण व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में गरीब और जरूरतमंदों तक राशन पहुंचाने की प्रक्रिया को न केवल प्रभावी बनाया है, बल्कि इसे डिजिटल तकनीकों के माध्यम से पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त भी किया है। ह्यसेवा, सुरक्षा और सुशासनह्ल के मूल मंत्र को साकार करते हुए योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के जरिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के 1.15 करोड़ से अधिक राशन कार्डधारकों को मिल रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली को लागू किया है। इसके तहत राशन कार्डधारकों को अब देश के किसी भी उचित दर दुकान पर ई-केवाईसी कराने की सुविधा प्राप्त हो रही है। खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार मार्च -25 तक प्रदेश के 77.37 प्रतिशत लाभार्थियों (1,15,37,940 राशन कार्डधारक) ने अपनी ई-केवाईसी

**सत्यापन**

**⏩ राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए ई-केवाईसी और आधार सत्यापन प्रणाली को लागू किया**

पूरी कर ली है। खास बात यह है कि 10.02 लाख लाभार्थियों ने अन्य राज्यों में भी अपनी ई-केवाईसी कराई, जो इस व्यवस्था की व्यापक पहुंच सुनिश्चित कर रहा है। यही नहीं इस डिजिटल पहल ने अपात्र कार्डधारकों की पहचान कर उन्हें सिस्टम से हटाने में मदद की, जिससे वास्तविक जरूरतमंदों तक खाद्यान्न पहुंच सुनिश्चित हुआ। योगी सरकार का लक्ष्य शत-प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी शीघ्र पूरी करना है, ताकि वितरण प्रणाली और अधिक मजबूत हो सके।

**ई-पॉस मशीनों से भ्रष्टाचार पर लगा लगामः** खास बात यह है कि राशन वितरण में ई-पॉस मशीनों के उपयोग ने पारदर्शिता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इन मशीनों के जरिए खाद्यान्न का वितरण सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है, जिससे बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। यह तकनीकी नवाचार न केवल समय पर राशन उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि गरीबों के लिए खाद्य सुरक्षा को भी मजबूत कर रहा है।

**अन्नपूर्णा में होगा बिल भुगतान व मिलेंगी दवाएंः** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और सशक्त बनाने के लिए उचित दर दुकानों को आधुनिक रूप देने की पहल की है।

# फॉस्टरिंग ए ग्रीन फ्यूचर प्रोजेक्ट का दूसरा चरण शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र ।** फ्लिपकार्ट समूह की परोपकारी इकाई फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने ग्रामीण विकास के लिए कार्यरत संगठन एस एम सहगल के साथ मिलकर अपने प्रोजेक्ट ह्यफॉस्टरिंग ए ग्रीन फ्यूचर झ्र एम्पावरिंग चिल्ड्रेन एंड वीमेन विद इको कन्सियसनेसह्ल (हरित भविष्य को बढ़ावा झ्र पर्यावरण के प्रति सजगता के साथ बच्चों एवं महिलाओं का सशक्तीकरण) का दूसरा चरण लॉन्च किया है। पहले चरण में इस प्रोजेक्ट के माध्यम से 60 गांवों में 2,200 महिलाओं समेत 4,650 से ज्यादा बच्चों तक पहुंचने में सफलता मिली थी। इससे



पर्यावरण के अनुकूल कृषि प्रक्रियाओं, जल संरक्षण और जलवायु अनुकूलन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली। दूसरे चरण का लक्ष्य इसी गति को बनाए रखना है। इसके माध्यम से लोगों की सहभागिता को और बढ़ाया जाएगा और पर्यावरण अनुकूल प्रयासों की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। इस पहल को लेकर फ्लिपकार्ट की वाइस प्रेसिडेंट झ्र कॉरपोरेट अफेयर्स सारा गिडियोन ने कहा, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन में हमारा विश्वास है कि सतत बदलाव की शुरूआत जमीनी स्तर से होती है, जिसमें समाज सिर्फ भागीदार की तरह काम न करे, बल्कि बदलाव का सक्रिय वाहक बनकर सामने आए। एस. एम. सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर, हम बच्चों और महिलाओं को जिम्मेदार तरीकों को अपनाने और बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन प्रदान कर रहे हैं। हमारा ध्यान जागरूकता को कार्य रूप में बदलने पर है, ताकि सतत विकास कोई विकल्प नहीं बल्कि जीवन का एक तरीका बने।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 03 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# किसानों को 30 जून तक मिलेगा घर बैठे फसल बेचने का मौका

## केंद्र सरकार की बड़ी योजना के सफल क्रियान्वयन की तैयारी में योगी सरकार, घर बैठे दलहन और तिलहन खरीद का मौका दे रही योगी सरकार

**प्रक्रिया**

**मूल्य समर्थन योजना के तहत दलहन एवं तिलहन की होगी सरकारी खरीद है- योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। किसान अब मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत दलहन और तिलहन की सरकारी खरीद की प्रक्रिया में घर बैठे शामिल हो सकते हैं। इस योजना में किसान 2 अप्रैल से 30 जून तक अपनी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सीधे सरकार को बेच सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उचित दाम दिलाकर उनकी आय बढ़ाना है। किसान इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं।



नेफेड को आवंटित जिले

लखनऊ, अयोध्या, झांसी, महोबा, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशाम्बी, ललितपुर, सोनभद्र, जौनपुर, गाजीपुर, औरैया, बलिया, सुल्तानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़, अमेठी, वाराणसी, उन्नाव, मैनपुरी, अम्बेडकर नगर, फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, गोण्डा, बाराबंकी, संत रविदास नगर, बलरामपुर, संत कबीर नगर, सीतापुर, गोरखपुर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, देवरिया, शाहजहांपुर, बुलंदशहर, श्रावस्ती, रामपुर, अलीगढ़, हाथरस, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, बदायूं, शामली, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़ एवं बिजनौर।

**एनसीसीएफ को आवंटित जिले**

बांदा, चित्रकूट, कानपुर नगर, मिजार्पुर, आजमगढ़, चन्दौली, मऊ, आगरा, कन्नौज, बस्ती, हरदोई, एटा, बहराइच, मथुरा, महराजगंज, बरेली, मेरठ, पीलीभीत, सम्भल, बागपत, अमरोहा।

**ये समर्थन मूल्य है निर्धारित**

- अरहर : 7,550 रुपए प्रति क्विंटल
- चना : 5,650 रुपए प्रति क्विंटल
- मसूर : 6,700 रुपए प्रति क्विंटल
- **सरसों : 5,950 रुपए प्रति क्विंटल**

**तीन दिन में किया जाएगा भुगतान**

नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि आधार से लिंक बैंक खाते में तीन कार्य दिवसों के भीतर भुगतान किया जाएगा। साथ ही फसल उत्पादन वाले जिलों में पीसीएफ, पीसीयू, जैफेड एवं यूपीएसएस के माध्यम से क्रय केंद्र बनाए जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसान 18002101222 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। केंद्र सरकार और यूपी सरकार मिलकर इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। नेफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।आधार से लिंक बैंक खाता और मोबाइल नंबर पंजीकृत करें।

- आधार कार्ड, बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर में नाम, पिता का नाम समान होना चाहिए।

## आमजन को मिले सुगम यातायात की सुविधा, दूसरे दिन भी चला चाबुक

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिले और कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसके लिए प्रदेश में दूसरे दिन बुधवार को भी अवैध ई-रिक्शा व ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मंगलवार से पूरे प्रदेश में अभियान शुरू किया गया था।

**1007 ई-रिक्शा सीज और 3093 का चालान**

परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर अभियान मंगलवार से प्रारंभ हुआ था। अभियान के दूसरे दिन 1007 ई-रिक्शा सीज और 3093 का चालान हुआ। वहीं मंगलवार को 915 ई रिक्शा सीज किया गया था, जबकि 3035 का चालान हुआ था। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। श्री सिंह ने बताया कि इस दौरान जागरूकता अभियान भी चलाया गया। बुधवार को आगरा संभाग में 444, लखनऊ संभाग में 377, कानपुर में 277, गाजियाबाद संभाग में 257, झांसी में 216, वाराणसी में 161, अलीगढ़ संभाग में 140, अयोध्या में 135 और मुरादाबाद संभाग में 120 अवैध ई-रिक्शा पर कार्रवाई हुई।

## भदोही के आर्थिक परिदृश्य में होगा व्यापक परिवर्तन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश के समेकित विकास को सुनिश्चित कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि प्रदेश के कोने-कोने का विकास उसके वास्तविक पोटेंशियल आधारित हो। ऐसे में, सीएम योगी के विजन को मिशन मानकर भदोही और आजमगढ़ के आर्थिक व क्षेत्रीय विकास में भविष्य की जरूरतों अनुसार व्यापक स्तर पर वृद्धि करने की तैयारी की जा रही है। इस क्रम में भदोही के आर्थिक परिदृश्य के कायाकल्प के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा जिसकी तैयारी भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने करना शुरू कर दिया है।

वहीं, आजमगढ़ में क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए भौगोलिक सूचना तंत्र (जीआईएस) आधारित फ्रेमवर्क तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**फास्ट न्यूज**

## बदलेगी अल्पविकसित व मलिन बस्तियों की सूरत

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** अल्पविकसित और मलिन बस्तियों की सूरत बदलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किए गए हैं। इसी के तहत लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर नगर, रायबरेली, कन्नौज समेत 17 जिलों में 250 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के तहत लखनऊ, प्रयागराज, मऊ, बस्ती, जालौन, सिद्धार्थनगर, मुरादाबाद, संतकबीर नगर, जौनपुर, बुलंदशहर और महाराजगंज की 166 परियोजनाओं को 3.35 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी कड़ी में कानपुर नगर, फतेहपुर, रायबरेली, कन्नौज, आजमगढ़ और कौशांबी जिलों के लिए 95 परियोजनाओं को 17.53 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। इन फंड्स से शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, सड़क निर्माण और रोशनी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रदेश सरकार की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने से मलिन बस्तियों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा और शहरी ढांचे को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं जिससे प्रदेश की तस्वीर बदल रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश के गरीब और वंचित तबके के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। जल्द ही इन क्षेत्रों के निवासियों को बेहतर सड़कें, जल निकासी और उत्तम प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं मिलेंगी।

## टर्न ओवर की सीमा बढ़कर हुई ढ़ाई गुना, अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढ़ाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि इस नए बदलाव से मध्य प्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्ष्?म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी। उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की गई है।

# सांदीपनि विद्यालय के नाम से जाने जाएंगे सीएम राइज स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सभी सीएम राइज स्कूल अब "सांदीपनि विद्यालय" के नाम से जाने जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को स्कूल चलें हमें अभियान के शुभारंभ अवसर पर इस संबंध में घोषणा की। उन्होंने कहा कि "सीएम राइज स्कूल का नाम ऐसा लगता था, जैसे अंग्रेजों के जमाने का हो, इसलिए इसे बदलकर सांदीपनि ऋषि के नाम पर किया गया है।दरअसल, मध्य प्रदेश में आज (एक अप्रैल) से नया शैक्षणित सत्र शुरू हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जा



रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर भोपाल के शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में "स्कूल चलें हम" अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। सरकारी स्कूलों की शिक्षा भी किसी से कमतर नहीं है। सरकारी स्कूलों में पढ़कर भी कई महान व्यक्तित्वों ने विश्वभर में भारत का नाम रोशन किया है। छात्रों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और कड़ी मेहनत के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने इस अवसर पर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

**प्रवेशोत्सव**

**स्कूलों में मनाया जा रहा है प्रवेशोत्सव, मुख्यमंत्री ने किया स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ**

# राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि का आधार एकता और अखंडता में निहितः राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने बुधवार को हरिद्वार में राष्ट्रीय सैनिक संस्था की हरिद्वार इकाई एवं अखण्ड हिन्द फौज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान अखण्ड हिन्द फौज के छात्र-छात्राओं द्वारा परेड एवं झांकी का प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने अखण्ड हिन्द फौज में बालिकाओं की उपस्थिति और ड्रिल और परेड में बढ़-चढ़कर



प्रतिभाग करने पर प्रशंसा व्यक्त की। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण और चरित्र निर्माण, समाज से बुराइयों के उन्मूलन, शहीद परिवारों के कल्याण, पूर्व सैनिकों के सशक्तीकरण, नशे और ड्रग्स जैसी बुराइयों को मिटाने, शिक्षा के जरिए नैतिक मूल्यों का विकास और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं।

# पायलट बाबा आश्रम में फिर बढ़ा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** पायलट बाबा आश्रम में चल रहा संपत्ति विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आश्रम के भीतर तनाव इस कदर बढ़ गया है कि बाबा के शिष्य और अन्य पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं। ताजा घटना में बुधवार को कुछ बाउंसरों ने आश्रम के संत पर हमला कर दिया। हालांकि, बीच-बचाव के बाद स्थिति शांत हो गई। पीड़ित संत ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को पायलट बाबा के शिष्य कर्ण गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 2



अप्रैल को करीब पौने एक बजे चार बाउंसर आश्रम में घुस आए और जान से मारने की धमकी देते हुए उनके साथ गाली-गलौच की। उन्होंने कहा कि चार बाउंसरों के बाद आठ से 10 बाउंसर आश्रम में और आ गए, जिनमें से दो के नाम अमरप्रीत और सुरजीत कुमार हैं, जिन्होंने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि उन पर पूर्व में भी हमला किया जा चुका है, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज है। स्वामी कर्ण गिरि ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि चन्द्रकांता पांडे, जयप्रकाश भी शामिल रहे।

**तनाव**

**आश्रम के भीतर तनाव इस कदर बढ़ गया है कि बाबा के शिष्य और अन्य पक्ष आमने-सामने आ चुके हैं**





# व्यावसायिक चालकों की ट्रेनिंग पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा मॉडल इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आईडीटीआर) की स्थापना की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा को संस्थागत रूप देना और व्यावसायिक चालकों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने 9 जनपदों के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर आईडीटीआर की स्थापना के लिए न्यूनतम 10-15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। इन 9 जनपदों में प्रस्तावित है आईडीटीआर की स्थापना

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, कानपुर नगर, शाहजहाँपुर, प्रयागराज में आईडीटीआर की स्थापना प्रस्तावित है। यह प्रस्ताव भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत आता है। मोर्थ ने उक्त 9 जनपदों में आईडीटीआर की स्थापना के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**आईडीटीआर की स्थापना से बढ़ेगी प्रशिक्षित चालकों की संख्या**

उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 30,37,166 व्यावसायिक वाहन हैं, जबकि व्यावसायिक वाहन चालकों की संख्या 27,48,523 है।

**व्यावसायिक**

**30,37,166 व्यावसायिक वाहन हैं, जबकि व्यावसायिक वाहन चालकों की संख्या 27,48,523 है**

## राजस्थान में फैक्टरी से गैस लीक, तीन की मौत

**अजमेर।** राजस्थान के ब्यावर के बाड़िया क्षेत्र में तेजाब फैक्टरी के गोदाम में खड़े टैंकर से नाइट्रोजन गैस के लीक होने से कंपनी मालिक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत अब भी गंभीर है। हादसे से प्रभावित 60 से ज्यादा लोगों को ब्यावर और अजमेर के सरकारी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। गैस के असर से कई पालतू जानवरों और लावारिस कुत्तों की भी मौत हुई है। यह वाकया ब्यावर थाने के बाड़िया क्षेत्र की सुनील ट्रेडिंग कंपनी में सोमवार रात हुआ है।

**आदेश** जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद गढ़वाल कमिश्नर को 5 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए

# ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने ऋषिकेश में हो रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद गढ़वाल कमिश्नर को 5 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) अवैध निर्माण कार्यों को किस आधार पर कंपाउंड कर रहा है, जबकि ऐसे निमार्णों को नियमित नहीं किया जा सकता।मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की



खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने उसे सील कर दिया, लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के एई ने सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कंपाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना था कि अवैध निमार्णों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में कहा कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नहीं देहरादून मंसूरी में भी चल रहा है, लेकिन कमिश्नर गढ़वाल के रोक के बाद भी निचले स्तर के अधिकारी कमिश्नर के आदेश का अनदेखी करके अवैध निर्माण कार्यों को बढ़वा देकर उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर अवैध निर्माण कार्यों को कंपाउंड कर रहे है। इसलिए इन अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।